हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 279, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 3 अप्रैल, 2023 दिन सोमवार गाजीपुर/वाराणसी

दंगा करने वालों को उल्टा लटकाकर सीधा कर देंगे

बिहार में गरजे अमित शाह, बोले- कालाबजारी और भ्रष्टाचारियों से बिहार को मुक्त कराएंगे

नवादा, जागरण संवाददाता। बिहार में रामनवमी के जुलूस के बाद भड़के तनाव के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बिहार में दो दिवसीय दौरे पर हैं। रविवार को नवादा में जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर नीतीश कुमार की सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर सत्ता के लिए लालू यादव की गोद में बैठने का आरोप लगाया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी कालाबजारी और भ्रष्टाचारियों से बिहार को मुक्त कराएंगे। वहीं, नीतीश कुमार के पीएम उम्मीदवारी पर तंज कसते हुए अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री की कुर्सी अभी खाली नहीं है। उन्होंने कहा कि लालू यादव गलतफहमी में हैं। तेजस्वी यादव सीएम नहीं बनेंगे। नीतीश कुमार तेजस्वी को कभी सीएम नहीं बनायेंगे।

लोकसभा चुनाव के बाद गिर जाएगी नीतीश की सरकार

शाह ने कहा कि इनके मंत्री भाजपा का दरवाजा खटखटा रहे हैं। आपके लिए भाजपा के दरवाजे

हमेशा के लिए बंद हो चुके हैं। बिहार में जंगलराज फिर लौटा आया है। बिहारशरीफ और सासाराम में आग लगी है। आज पूरा बिहार चिंता कर रहा है। लोकसभा चुनाव के बाद नीतीश सरकार खुद ही गिर जाएगी। भाजपा दंगा करने वालों को उल्टा लटकाकर सीधा कर देगी।

मैं गृह मंत्री, बिहार मेरे हिस्से में- शाहः अमित शाह ने बिहार में हिंसा को लेकर कहा कि सासाराम में अशोक जयंती में जाना था। वहां तो गोली चल रही है, नहीं जा सका। सासाराम की जनता से माफी मांगता हूं। मैं वहां जरूर जाऊंगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मैं गृह मंत्री हूं, बिहार मेरे हिस्से में है। नीतीश कुमार शांति नहीं ला सकते है। बिहार में शांति हो, इसलिए गवर्नर को फोन किया। इससे ललन जी बुरा मान गए।

अमित शाह का दावा- बिहार में जीतेंगे 40 की 40 सीटेंः अमित शाह ने 2024 के लोकसभा चुनाव में बिहार की 40 सीटें जीतने का दावा किया। उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में कमल खिलने वाला है। 2024 में फिर से मोदी जी सभी 40 सीट जितने जा रहे हैं। शाह ने केंद्र द्वारा किए कामों का उल्लेख किया और कहा कि कश्मीर हमारा है। भाजपा ने कश्मीर से धारा 370 हटाई। हमनें राम मंदिर बनाया। राम मंदिर का शिलान्यास पीएम मोदी ने किया।

जनता ने अमित शाह के साथ भरी हामीः अमित शाह ने नवादा की जनता से पूछा कि नीतीश को नहीं लिया जाए न। इसपर जवाब आया हां, नहीं लिया जाय। गृह मंत्री ने कहा कि नीतीश जी बताओ कि लालू के पास गए तो क्या मिला? लालू ने नीतीश कुमार को पलटू चाचा, लालची, अहंकार, गिरगिट तक कहा फिर भी नीतीश उनसे मिल गए।

बिहार को फंड दे रही केंद्र सरकारः अमित शाह ने कहा कि बिहार के हर एक पंचायत में कोऑपरेटिव डेयरी बनेगी। केंद्र ने बिहार को 1 लाख 9 हजार करोड़ रुपये दिए। पीएम मोदी 8 करोड़ 70 लाख लाभुकों को मुफ्त अनाज बिहार में दे रहे हैं। 85 लाख किसनों को सस्ती बिजली, 1.10 करोड़ महिला को केंद्र ने गैस दिया। नवादा में रेललाइन, एनएच बनाया। मंच के बगल में रेललाइन गुजरी है। नवादा में खेती हो रही है। बिजली सुधरी है, रजौली में परमाणु क्षमता यूनिट की योजना बन चुकी है।

यूपी में कोरोना के 69 नए केस; उप मुख्यमंत्री बोले- चिंता की नहीं कोई बात, हम पूरी तरह तैयार

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश समेत देश के कई राज्यों में कोरोना के मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है। शनिवार को राज्य में कोरोना के 69 नए मरीजों की संख्या दर्ज की गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा किए गए आंकड़ों के अनुसार, यूपी में कोरोना के सक्रीय मरीजों की संख्या बढ़कर कुल 421 हो गई है। पिछले 24 घंट में कोरोना से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या 44 है। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा- कोरोना को लेकर कोई चिंता की बात नहीं है। अन्य राज्यों में कोविड के मरीजों की संख्या ज्यादा है, यूपी में कम है। हमारी पूरी तैयारी है। जो लोग कोरोना संक्रमित पाए गए हैं वे घरों में इलाज करा रहे हैं। खतरे की स्थिति नहीं है। यूपी में अभी तक कुल 39.20 करोड़ टीके लगाए जा चुके हैं। इसमें सभी आयुवर्ग के 17.69 करोड़ लोगों को पहली, 16.89 करोड़ लोगों को दूसरी और 4.60 करोड़ लोगों को सतर्कता डोज लगाई गई है। यानी दोनों टीका लगवाने वाले सिर्फ 27 प्रतिशत लोगों ने ही सतर्कता डोज लगवाई है।

ब्लॉक प्रमुख के चुनाव में होगा बड़ा परिवर्तन, अब बीडीसी नहीं जनता चुनेगी

आगरा। उत्तर प्रदेश में ब्लॉक प्रमुख की चुनाव प्रक्रिया में बड़ा परिवर्तन हो सकता है। आगरा में ग्राम विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा और मंडल स्तरीय ब्लॉक प्रमुख व बीडीओ सम्मेलन में आए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ऐसे संकेत दिए। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ऐसी व्यवस्था पर विचार कर रही है जिसमें ब्लॉक प्रमुख पद का चुनाव भी क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान की तरह जनता द्वारा किया जाएगा। सम्मेलन में आगरा मथुरा फिरोजाबाद व मैनपुरी से 42 से अधिक ब्लॉक प्रमुख व उनके प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रमुखों ने शस्त्र लाइसेंस दिलाने, मनरेगा में बजट का प्रावधान, सार्वजनिक भूमि से कब्जे हटवाने और प्रमुखों का प्रोटोकॉल निर्धारित करने की मांग की। साथ ही वर्षों से ब्लॉक में जमे बीडीओ के लिए तबादला नीति बनाने की मांग की, जिसके जवाब में ग्राम्य विकास मंत्री व डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जल्द भविष्य में ब्लॉक प्रमुखों का चुनाव जनता द्वारा कराए जाने पर सरकार विचार कर रही है। जिसके बाद ब्लॉक प्रमुखों को प्रोटोकॉल के साथ-साथ विभागीय बैठक व योजनाओं में पूर्ण सहभागिता मिलेगी। उन्होंने कहा बीडीओ का ब्लॉक स्तर पर तबादले किए जाएंगे।

एक घंटा देरी से पहुंचे डीप्टी सीएम- रविवार को नगर निगम सभागार में 11:30 शुरू होने वाले सम्मेलन में एक घंटा देरी से 12:30 बजे डिप्टी सीएम पहुंचे। सम्मेलन में प्रमुखों ने जहां अपनी सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस की मांग रखी, वहीं ब्लॉक डेवलपमेंट अधिकारी बीडीओ ने भी अपनी सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस दिलाने की गुहार लगाई।

ये रहे मौजूद- इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, विधायक डॉ. जीएस धर्मेश, एमएलसी विजय शिवहरे, पक्षालिका सिंह, डीएम नवनीत सिंह चहल मौजूद रहे। सम्मेलन के बाद उपमुख्यमंत्री मीडिया से मुखातिब हुए। पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में विकास पर भाजपा का ध्यान है। आगे चलकर भाजपा का मतलब विकास और विकास का मतलब भाजपा होगा। उन्होंने सपा पर जुबानी हमला करते हुए कहा कि सपा का मतलब गुंडा राज और अपराध है। आगरा की एयर कनेक्टिविटी के सवाल पर मौर्य ने कहा आगरा के विकास को लेकर राज्य सरकार गंभीर है। जी-20 में जो कार्य हुए वह सराहनीय हैं। आगरा मेट्रो सिटी बन रहा है।

'जमीनी स्तर पर बदलाव लाने वालों पर केंद्रित है मन की बात', पीएम मोदी बोले- 100 एपिसोड हो रहे पूरे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यह जमीनी स्तर पर बदलाव लाने वालों पर केंद्रित है और उन्हें प्रोत्साहित करता है। बता दें कि मन की बात कार्यक्रम के 100 एपिसोड पूरे हो रहे हैं। इसी बीच प्रधानमंत्री मोदी ने एक टीवी चैनल द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के ट्वीट को रिट्वीट करते हुए मन की बात कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी साझा की। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, "मन की बात की सबसे शानदार खूबी यह है जिसमें जमीनी स्तर पर बदलाव लाने वाले लोगों को प्रोत्साहित करता है।"

मोदी ने अंगदान के लिए किया था प्रेरित- इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में अंगदान करने वालों को प्रेरित

किया था। उन्होंने कहा था कि अंगदान आज किसी को जीवन देने का बड़ा माध्यम बन चुका है। मृत्यु के बाद शरीर दान से 8 से 9 लोगों को नया जीवन मिलने की संभावना होती है।

30 अप्रैल को प्रसारित होगा 100वां एपिसोड- प्रधानमंत्री मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 100वां एपिसोड 30 अप्रैल को प्रसारित किया जाएगा। उन्होंने अपने 99वें एपिसोड में महिला शक्ति का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था कि भारत की महिला शक्ति सभी क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा था कि भारत के भविष्य में महिला शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है, जो आज एक नए परिप्रेक्ष्य के साथ उभर रहा है।

मायावती का हमला, कहा- गेस्ट हाउस कांड न होता तो सपा बसपा गठबंधन देश पर राज कर रहा होता

लखनऊ। बसपा प्रदेश मुख्यालय पर पार्टी के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए पार्टी सुप्रीमो मायावती ने सपा और भाजपा दोनों पर निशाना साधा । उन्होंने कहा कि यदि सपा एहसान फरामोशी नहीं करती और 1995 में गेस्ट हाउस कांड ना होता तो आज यह गठबंधन देश पर राज कर रहा होता। किंतु सपा की दलित व अति पिछड़ा विरोधी संगठन राजनीति तथा मुस्लिम समाज के प्रति छलावे ने से ऐसा संभव नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में सभी को मजबूती से जुट जाना है। लोग इस समय महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी और बदहाल कानून व्यवस्था से त्रस्त हैं। भाजपा इन सब मुद्दों पर फेल हो गई है। स्मार्ट सिटी केवल कागजों में हैं। महंगाई और गरीबी के कारण गांव तक में जनता की हालत खराब है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने सब कुछ ठेके पर कर दिया है और इस ठेका प्रथा के चलते स्थाई नौकरी लोगों के लिए दूर का सपना हो गई है। उन्होंने कहा कि गांव गांव चलो अभियान ने बसपा को मजबूती दी है और लोगों तक लगातार अपनी आवाज पहुंचाते रहें। निकाय चुनाव में उम्मीदवारों का चयन सोच-समझकर किया जाएगा। उन्हीं

लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी जो अपने क्षेत्र के लोगों के बीच रहते हैं। उनके कल्याण विकास में रुचि रखते हैं। उन्होंने कहा कि सपा का दलितों, अति पिछड़ों तथा बाबासाहेब आंबेडकर और कांशीराम के प्रति अचानक प्रेम बढ़ जाता है। यह समाज कभी भी इनका नहीं हो सकता क्योंकि 1995 में गेस्ट हाउस कांड में जो हुआ उसे सब जानते हैं।

असम में केजरीवाल ने सरमा सरकार को घेरा; बोले भाजपा ने गंदी राजनीति के अलावा कुछ नहीं किया

गुवाहाटी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने असम की राजधानी गुवाहाटी में आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा पेपर लीक और बेरोजगारी को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर आम आदमी पार्टी असम में सरकार बनाती है तो मुफ्त बिजली, सभी बेरोजगारों को नौकरी दी जाएगी। AAP सरकार ने 7 साल में दिल्ली का चेहरा बदल दिया है। भाजपा ने असम में गंदी राजनीति के अलावा कुछ नहीं किया।

सीएम सरमा पर भी जमकर हमला बोला- संकल्प सभा में दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने सीएम सरमा पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि असम के लोगों ने हर राजनीतिक दल को मौका दिया, फिर भी कोई बदलाव नहीं हुआ। असम की वर्तमान सरकार 2014 में सत्ता में आई।

हमारी 'आप' 2015 में दिल्ली में आई। दिल्ली इतनी विकसित हो गई, लेकिन असम अभी भी विकसित नहीं हुआ। सीएम हिमंत ने सिर्फ नफरत की राजनीति की।

दिल्ली-पंजाब में पेपर लीक नहीं होताः केजरीवाल- केजरीवाल ने कहा कि असम में बेरोजगारी है। असम में पेपर लीक हो रहे हैं। कोई बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहा है। पंजाब और दिल्ली में कोई पेपर लीक नहीं होता है। अगर हमें असम में मौका मिलता है तो हम यहां काम करेंगे और अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। हमने दिल्ली में 12 लाख युवाओं को रोजगार दिया, यहां भी ऐसा ही करेंगे।

रामकृष्ण मिशन के उपाध्यक्ष स्वामी प्रभानंदजी का निधन, सीएम ममता बनर्जी ने जताया शोक

कोलकाता। स्वामी विवेकानंद द्वारा स्थापित रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के उपाध्यक्ष स्वामी प्रभुनंदजी महाराज का शनिवार शाम कोलकाता के एक अस्पताल में निधन हो गया। हावड़ा जिले के रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन ने उनके निधन की पुष्टि की। प्रभुनंदजी महाराज 91 वर्ष के थे। मिशन के अधिकारियों के अनुसार, स्वामी प्रभानंदजी पिछले कुछ समय से उम्र संबंधी कई बीमारियों से पीड़ित थे। उन्हें पिछले साल अक्टूबर में रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने शनिवार शाम 6.50 बजे अंतिम सांस ली। स्वामी प्रभुनंदजी महाराज के निधन पर दुख जताते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बयान में कहा कि उनके निधन ने न केवल रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के लिए बल्कि मानवता के लिए भी आध्यात्मिक और संस्थागत स्पेक्ट्रम के लिए एक शून्य पैदा किया। मुख्यमंत्री ने

अपने बयान में कहा, "यह एक अपूरणीय क्षति है। मैं उनके अनुयायियों, शिष्यों और छात्रों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं।" उनका अंतिम संस्कार रविवार को रात नौ बजे बेलूर मठ परिसर में किया जाएगार। रविवार को रात आठ बजे तक उनके अनुयायियों को वहां अंतिम श्रद्धांजलि देने का मौका मिलेगा। बता दें कि स्वामी जी 17 अक्टूबर 1931 को वर्तमान बांग्लादेश के अखौरा में 1958 में जन्मे। वह नरेंद्रपुर केंद्र में रहते थे और उन्होंने 1966 में स्वामी वीरेश्वरानंदजी महाराज से 'संन्यास दीक्षा' प्राप्त की।

विपक्षी एकता पर बोले थरूर, मैं पार्टी नेतृत्व में होता तो BJP को हराने के लिए छोटे दलों को आगे लाता

नई दिल्ली। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए विपक्षी पार्टियों के बीच एकजुट होने को लेकर चर्चा जारी है। इसी बीच कांग्रेस नेता और लोकसभा सांसद शशि थरूर ने विपक्षी एकता को लेकर बड़ा बयान दिया है। लोकसभा सांसद शशि थरूर ने हालिया 'विपक्षी एकता की लहर' का स्वागत करते हुए रविवार को कहा कि कांग्रेस हकीकत में वह आधार बनेगी, जिसके चारों ओर अन्य पार्टियां जुटेंगी। लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर वह पार्टी नेतृत्व में होते, तो वह इसके बारे में बात नहीं करते और 2024 के आम चुनाव में भाजपा से मुकाबला करने के लिए गठबंधन के संयोजक की भूमिका निभाने के लिए छोटे दलों में से किसी एक को प्रोत्साहित करते। गौरतलब है कि थरूर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव में मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ उतरे थे। एक न्यूज एजेंसी के साथ एक साक्षात्कार में थरूर ने कहा कि 2019 के मानहानि मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद लोकसभा से राहुल गांधी की अयोग्यता ने "विपक्षी एकता की आश्चर्यजनक रूप से लहर" पैदा कर दी है। कई पार्टियों ने इस कहावत की सच्चाई को महसूस करना शुरू कर दिया है कि "एकता में अटूट शक्ति है और अगर हम बंटे तो बिखर जाएंगे।" पूर्व केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि अगर अधिकांश विपक्षी दलों ने एक साथ आने और एक-दूसरे के वोटों को विभाजित करने से रोकने के लिए

नया कारण खोज लिया है, तो भाजपा को 2024 के चुनावों में बहुमत हासिल करना बहुत कठिन हो सकता है। गांधी की अयोग्यता पर देश में ध्यान दिए जाने के बीच कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के 'थैंक यू जर्मनी' ट्वीट के बारे में पूछे जाने पर थरूर ने कहा कि वह अपनी पार्टी के वरिष्ठ सहयोगी को सलाह देते कि उन्होंने जो किया है वह नहीं करें। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय ध्यान और भारत के लिए नकारात्मक समाचार पर नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार को आश्चर्यचकित नहीं होना चाहिए। इस सरकार की लोकतांत्रिक विश्वसनीयता के बारे में कुछ वर्षों से संदेह बढ़ रहा है, जैसा कि वैश्विक मीडिया ने स्पष्ट किया है। थरूर ने जोर देकर कहा फिर भी, मैं अपने अत्यंत सम्मानित वरिष्ठ सहयोगी और मित्र को सलाह देता कि वह यह न करें, जो उन्होंने किया। कांग्रेस पार्टी के लिए यह हमेशा विश्वास का एक विषय रहा है कि औपनिवेशिक शासन के अधीन 200 वर्षों के बाद भी हमें किसी विदेशी संरक्षण की आवश्यकता नहीं है और यह स्वीकार नहीं है। उन्होंने कहा कि यह गौरव हर भारतीय के मन में गहराई तक समाया हुआ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हम अपनी समस्याओं को हल करने में पूरी तरह सक्षम हैं। तिरुवनंतपुरम से सांसद ने कहा, मुझे विश्वास है कि भारत के लोग लोकतंत्र के लिए मतदान करेंगे और यह निर्धारित करने का अधिकार होगा कि कौन उन पर शासन करता है।

रामगोपाल बोले- लोक सभा चुनाव के लिए सपा की तैयारी पूरी, सभी उम्मीदवार तय

इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने कहा कि लोक सभा चुनाव के लिए पार्टी की तैयारी पूरी है। सभी उम्मीदवार तय हो चुके हैं। चुनाव की घोषणा होते ही उम्मीदवारों की घोषणा कर दी जाएगी। वे रविवार को सैफई में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव को लेकर भी पार्टी तैयार है। हमारी तैयारी जीतने के लिए हर जगह है। सरकार चुनाव को लेकर मनमानी कर रही है। आरक्षण में घपला किया गया है। अभी तक वार्डों का आरक्षण नहीं किया गया है। नेताओं से पूछकर आरक्षण किया जा रहा है। बिना नियमों के आरक्षण किया गया है इससे लोगों में आक्रोश है और भारतीय जनता पार्टी को इस चुनाव में भी हार का सामना करना पड़ेगा। भाजपा इस चुनाव को जल्दबाजी में करा रही है। ताकि नगर निगम में जीत का फायदा वह ले सके। उन्होंने कहा कि नगर पालिका व नगर पंचायत के चुनाव में सपा के तीन चौथाई से भी अधिक अध्यक्ष फिर विजयी होकर आएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को यह डर है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश से वह हार जाएगी और सपा हरा देगी। केंद्र में किसकी

सरकार बनेगी यह उत्तर प्रदेश तय कर देगा। उन्होंने कहा कि तीसरे मोर्चे को लेकर अभी रणनीति का खुलासा नहीं किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव अन्य दलों से वार्ता कर रहे हैं। उसके बाद ही समय आने पर मालूम पड़ जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस सरकार में किसान, व्यापारी, युवा सब परेशान हैं।

संपादकीय

सरकार और न्यायपालिका पर संविधान का अंकुश जरुरी

न्यायाधीशों की नियुक्ति कॉलेजियम की अनुशंसा पर सरकार करती है। इन दिनों कॉलेजियम व्यवस्था को लेकर सरकार और सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई है। सरकार चाहती है, कि उसके इशारे पर कॉलेजियम काम करे। न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर सरकार जो निर्णय करे। कॉलेजियम उसे स्वीकार करे। जजों की नियुक्ति में न्यायपालिका की भूमिका नगण्य हो। सरकार की भूमिका सर्वोपरि हो। कॉलेजियम व्यवस्था आने के पहले सरकार न्यायपालिका में जजों की नियुक्ति करती थी। आपातकाल के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जजों की वरिष्ठता को नजरअंदाज करते हुए सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश और न्यायधीशों की नियुक्ति मनमाफिक तरीके से की थी। आपातकाल के बाद जब सरकार बदली, उसके बाद संविधान में संशोधन हुआ। जिसमें न्यायपालिका के अधिकारों को आपातकाल में भी बरकरार रखने का संशोधन किया गया। उसी के बाद जजों की नियुक्ति और उनकी पदोन्नति को लेकर, सुप्रीम कोर्ट ने कॉलेजियम की व्यवस्था दी। तब से कॉलेजियम की व्यवस्था चली आ रही है। कॉलेजियम के सदस्य, हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति को लेकर वरिष्ठ वकीलों द्वारा की गई पैरवी की समीक्षा करते हैं। उनके बारे में सारी जानकारी एकत्रित करते हैं। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ जज सहमत होने पर, जज के नाम की अनुशंसा सरकार को करते हैं। कॉलेजियम की व्यवस्था में सरकार को यह अधिकार है,कि कालेजियम द्वारा जो अनुशंसा की गई है। उसके संबंध में पूरी जानकारी का अध्ययन करने के बाद यदि कोई असहमति है,तो उसे कॉलेजियम को पुनर्विचार के लिए सरकार वापिस भेजती है। सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम एक बार पुनः विचार करके अंतिम निर्णय लेती है। उस निर्णय का क्रियान्वयन करना सरकार की बाध्यता होती है। पिछले वर्षों में सरकार ने कॉलेजियम द्वारा की गई अनुशंसा काफी समय तक रोककर रखी है। जिसके कारण हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों की वरिष्ठता गड़बडाने लगी है। संविधान ने न्यायपालिका को सभी संवैधानिक संस्थाओं के कामकाज की निगरानी रखने और सत्ता निरपेक्ष रहकर नियंत्रण की जिम्मेदारी न्यायपालिका को सौंपी है। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद को सर्वोच्च बनाते हुए संविधान को एक तरह से नकारने का बयान दिया है। निश्चित रूप से हर व्यवस्था मे आरोप-प्रत्यारोप लगते है। कॉलेजियम को समीक्षा और अनुशंसा करने का अधिकार है। वहीं सरकार को भी नियुक्ति के पूर्व पर्याप्त अवसर होता है। जब वह नियुक्त होने वाले जज के संबंध में सारी जानकारी एकत्रित कर सके। यदि नियुक्ति करने में कोई आपत्ति है, तो उससे कॉलेजियम को पुनर्विचार करने के लिए कह सकती है। इसका एक ही आशय है, कॉलेजियम और सरकार दोनों पर जिम्मेदारी और जवाबदेही का अंकुश लगा हुआ है। संसदीय लोकतंत्र में बहुमत के आधार पर बहुत सारे नियम कानून बन जाते हैं। राजनीति में रह रहे लोग चुनाव जीतने और सत्ता में बने रहने के लिए बहुत सारे नैतिक और अनैतिक निर्णय लेने के लिए मजबूर होते हैं। लेकिन न्यायपालिका पर इस तरहका कोई दबाव नहीं होता है। उसे संविधान और विधायिका द्वारा बनाए गए नियम कानून के अनुसार,निर्णय लेने होते हैं। जिसके कारण न्यायपालिका की साख और विश्वसनीयता आम जनता के बीच में बनी रहती है। सामाजिक बदलाव का असर समान रूप से सभी वर्गों में पड़ता है। निश्चित रूप से न्यायपालिका के ऊपर भी इसका असर पड़ा होगा। न्यायपालिका के ऊपर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगने लगे हैं।सरकार के पास इसके नियंत्रण के बहुत सारे अधिकार हैं। सरकार के पास बहुत सारी जांच एजेंसियां भी है। जो नियुक्ति के पूर्व और नियुक्ति के पश्चात जानकारियां प्राप्त कर कार्यवाही कर सकती हैं। न्यायाधीशों को हटाने की शक्तियां भी संसद के पास होती हैं। कॉलेजियम व्यवस्था को लेकर सरकार के मन में यदि सुधार के कुछ सुझाव हैं, तो उन सुझावों को कॉलेजियम की व्यवस्था में शामिल कराये जा सकते है। सरकार और कॉलेजियम के बीच विवाद समाप्त करना ही, राष्ट्र हित में होगा। विधायिका, कार्यपालिका और संवैधानिक संस्थाओं के ऊपर न्यायपालिका का अंकुश होने पर ही सभी संवैधानिक संस्थाओं को नियंत्रित रखा जा सकता है।

हर पल कुछ विवाद !

है बनाए रखना ।
हर पल कुछ विवाद ।।
तभी करेगी जनता ।
कुछ तो हमको याद ।।
बढ़ रहा है चलन ।
बहने लगी बयार ।।
आगे की भी खेप अब ।
हो रही तैयार ।।
खेल है बनाया ।
लंबा इसका काल ।।
लें किस किस का नाम ।
सबका वही हाल ।।
ना बदला अंदाज ।
तेजी के आसार ।।
जोर शोर से आगे भी ।
चलना खूब प्रचार ।।

–कृष्णेन्द्र राय

अंतरराष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवस

कुछ दशकों पहले तक बच्चों के हाथ में किताबें हुआ करती थीं, अब उनके हाथों में अक्सर मोबाइल या टीवी रिमोट दिखता है, वह कंप्यूटर पर गेम खेलते नजर आते हैं। वर्तमान हालात ये हैं कि बच्चे कोर्स की किताबें के अलावा शायद ही कुछ पढ़ते हों। यह एक बेहद चिंता का विषय है। अस्सी और नब्बे के शुरूआती दशक को बच्चों की रीडिंग हैबिट के लिहाज से स्वर्णिम युग कहा जा सकता है। उस समय टीवी और कॉर्टून चैनल की मौजूदगी काफी कम थी। असल में तकनीक ने बच्चों की मौलिकता को प्रभावित किया है।

संयुक्त राष्ट्र की पहल पर दो अप्रैल को दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य किताबों से बढ़ती बच्चों की दूरियों को कम करना है। किताबें ही लोगों की सच्ची दोस्त होती हैं। इन्हीं किताबों से अर्जित किया गया ज्ञान भविष्य में आगे की राह दिखाता है। इसकी शुरूआत बचपन से ही होती है, लेकिन आज के समय में बच्चों और साहित्य के बीच दूरियां बढ़ती जा रही हैं। पहले गर्मी की छुट्टियों में बच्चे कॉमिक्स खरीदने की जिद किया करते थे।

अखबार वाले से कहकर महीने में एक बार या 15 दिनों में आने वाली कॉमिक्स का इंतजार करते थे और जैसे ही कॉमिक्स आती थी अगले दिन ही उसे पढ़कर खत्म कर जाते थे। यहां तक कि दुकानों से किराए पर कॉमिक्स खरीदकर भी पढ़ते थे। धीरे-धीरे समय के साथ वीडियो गेम और कम्प्यूटर गेम्स और मोबाइल का चलन बढ़ता गया और अब बच्चे कॉमिक्स कि दुनिया से दूसरी तरफ मुड़ने लगे। बच्चों में किताबें पढ़ने की आदत विकसित करनें के लिए पहले माता-पिता को पढ़ने की आदत विकसित करनी पड़ेगी क्योंकि बच्चें वही करतें है जो वह अपनें घर में देखतें है, अगर घर परिवार में किताबें पढ़ने का माहौल होगा तो निश्चित तौर पर बच्चे भी उसी को अपनाएंगे। माता झपिता अगर खुद दिन भर मोबाइल या गैजेट्स में उलझें रहेंगे तो अपने बच्चों से कैसे उम्मीद कर सकतें हैं कि वो किताबें पढेंगे। सीधी सी बात है कि

अभिभावकों को पहले खुद आदर्श बनना पड़ेगा। बच्चे भविष्य की दुनिया की नींव हैं और उनके सुकोमल मन पर उनकी कोर्स की किताबों के अलावा बाल साहित्य का गहरा प्रभाव पड़ता है। बाल साहित्य बच्चों के सर्वांगीण विकास की आधार-भूमि तैयार करता है। बाल साहित्य खेल-खेल में उसे आसपास की दुनिया से परिचित कराता है, उसकी सुकोमल जिज्ञासाओं को शांत करता है और उसे कल्पना के पंखों के सहारे उड़ना सिखाता है। बाल साहित्य के बिना न स्वस्थ बच्चे की कल्पना की जा सकती है और न स्वस्थ समाज की इसीलिए विश्व की जितनी भी प्रमुख भाषाएं हैं, उनमें बाल साहित्य को बहुत महत्त्वपूर्ण स्थान मिला है। आज के वर्तमान तकनीकी युग में बाल साहित्य की जरूरत सबसे ज्यादा है।

ऊपर से देखने पर लगता है कि आज के बच्चे मोबाइल, लैपटाप और कंप्यूटर गेम्स खेलने में व्यस्त हैं, पर सच्चाई यह है कि आज का बच्चा बहुत अकेला है। पहले संयुक्त परिवारों में बच्चे दादा-दादी, नाना-नानी से रोज कहानियाँ सुनतें थे ,वहीँ उन्हें संस्कारों की प्रारंभिक शिक्षा भी मिलती थी। संयुक्त परिवार में बड़े बुजुर्गों द्वारा रामायण, महाभारत, पंचतंत्र की कहानियां, अकबर बीरबल की हास्य कथाएँ, मालगुडी डेज की कहानियां सुनकर बच्चें बड़े होतें थे। हर एक कहानियां बच्चे को भारतीय संस्कृति के करीब खींचती थी, आदर्शों का पाठ पढ़ाती थीं, दिमाग पर बिना दबाव डाले सही गलत का अंतर दिखाती थी लेकिन तकनीक ने बच्चों को किताबों से दूर कर दिया।

आज के एकल परिवारों में बच्चा दादा-दादी, नाना-नानी से तो दूर हो ही गया है, नौकरीपेशा माता-पिता के पास उसे देने के लिए समय नहीं है। उसके पास ढेरों सुविधाएं हैं, टीवी, मोबाइल, कंप्यूटर सब है, पर कहीं अंदर से वह अकेला है। ऐसे में अगर वह कोई अच्छी बाल कविता या कहानियों की पुस्तक पढ़ता है, तो उसे लगता है कि उसे सच ही कोई अच्छा साथी मिल गया है, और तब उसके भीतर मानो आनंद का स्रोत फूट पड़ता है। दुनियाभर में बच्चे और किशोर हिंसक हो रहें है उनकी उत्तेजना की वजह से किशोर अपराध भी बढ़ रहें है ऐसे में इन्हें रोकनें के लिए बाल साहित्य बहुत जरुरी है। बाल साहित्य इन भटके हुए बच्चों या किशोरों तक पहुंचता, तो वे इस अपराध की राह पर कभी न आते। बाल साहित्य बच्चे में न सिर्फ अच्छा और ईमानदार होने की प्रेरणा पैदा करता है, बल्कि वह अपराधियों को भी उस दलदल से बाहर निकालकर प्यार, सच्चाई, नेकी और मनुष्यता की राह पर ले आता है। इस काम को बाल साहित्य जितने अच्छे ढंग से कर सकता है, वैसा कोई और नहीं कर सकता। इस लिहाज से बाल साहित्य में बड़ी संभावनाएं हैं. अगर यह बात हमारे समाज के नीति निर्धारक ठीक से समझ लें तो देश की तस्वीर बहुत अच्छी और सकारात्मक होगी। बाल साहित्य की सबसे बड़ी चुनौती है सुदूर गांव के बच्चों, गरीब सर्वहारा परिवारों के बालकों और आदिवासी बालकों तक पहुंचकर, उनके अंदर जीवन का हर्ष-उल्लास, आत्मविश्वास और कुछ करने की धुन पैदा करना, ताकि आगे आकर वे भी अपने जीवन के अधूरे सपनों को पूरा करें। बाल साहित्य की सभी विधाओं मसलन कविता, कहानी, कार्टून आदि का अपना आकर्षण है। यह बच्चे की रुचियों पर निर्भर करता है कि उसे क्या अधिक आकर्षित करता है। वैसे छोटे बच्चों को अपने लिए लिखी गई कविताएं याद कर-के बार-बार गाने-दोहराने में आनंद आता है। कुछ और बड़े होने पर उन्हें कहानियों का आकर्षण अधिक बांधता है। कुछ आगे चलकर बच्चे बाल उपन्यास, नाटक, जीवनियां और ज्ञान-विज्ञान की विविध विधाओं का आनंद लेने लगते हैं। बाल साहित्य की हर विधा का अपना रस-आनंद है। बच्चे के मन और व्यक्तित्व में नयी ऊर्जा और प्रेरणा भरकर, उसमें कुछ कर गुजरने का भाव पैदा करना ही बाल साहित्य का उद्देश्य है। आइए इस अंतरराष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवस पर ये संकल्प लेते हैं कि बच्चों को मोबाइल, गैजेट्स या किसी महगें गिफ्ट के बजाय, किताबें गिफ्ट करेंगे जिससे उनकी रचनात्मकता और मौलिकता में वृद्धि हो सके।

निशांत इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का उद्घाटन समारोह सम्पन्न

सखवनिया।। कसया तहसील क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सभा सखवनिया बुजुर्ग में निशांत इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का विधिवत उद्घाटन एवं शुभारंभ मुख्य अतिथि

स्थानीय सांसद विजय कुमार दुबे के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस विद्यालय की स्थापना होने से यहां शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से विकास होगा।किसी भी समाज या राष्ट्र की समृद्धि को उसकी शिक्षा से जोड़कर ही देखा जाता है।उन्होंने कुशीनगर में भाजपा सरकार द्वारा विकास के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि वर्तमान में अतिशीघ्र कृषि विश्वविद्यालय का निर्माण होने जा रहा है और कुशीनगर को रेलवे से जोडने के लिए केन्द्र सरकार ने धन भी आवन्टित कर दिया है। उन्होंने विद्यालय स्थापना के विचार के लिए विद्यालय के संचालक मंडल को बधाई देते हुए संस्थापक सुरेंद्र सिंह पूर्व इंजीनियर एवं उनकी पत्नी उषा सिंह का अभिनंदन करते हुए कहा कि क्षेत्र के लिए यह विद्यालय एक महत्वपूर्ण उपहार साबित होगा। इसके पूर्व सांसद विजय दुबे ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पाअर्चन एवं दीप प्रज्वलन के उपरांत फीता काटकर विद्यालय का विधिवत उद्घाटन किया।

मंच पर विद्यालय के प्रबंधक सुरेंद्र सिंह,अमर सिंह,डॉ. बलदेव सिंह,रितेश सिंह,छोटे सिंह ने फूल मालाओं एवं अंग वस्त्र ओढाकर मुख्य अतिथि तथा अन्य अतिथियो का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन मुजीबुल्लाह राही ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पड़रौना विनय जायसवाल, ब्लाक प्रमुख पड़रौना आशुतोष सिंह बहुगुणा, वरिष्ठ भाजपा नेता ओपी मिश्रा,जिला मंत्री बलराम यादव,मण्डल अध्यक्ष कुबेरस्थान शिव मोहन प्रसाद, साखोपर मण्डल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश दुबे, सुमित त्रिपाठी,संतोष दुबे, रामानुज मिश्रा, सांसद मिडिया प्रभारी निखिल उपाध्याय कृष्ण कुमार, राकेश जायसवाल,संजय शुक्ला, विनोद गिरी,चन्दन शर्मा,पूर्व प्रधान दीपक पाण्डेय,अभय राव,श्रीमती उषा सिंह,कैप्टन सी..बी सिंह,बलवंत कुमार सिंह, अखिलेश दास गुप्ता, सागर मणि, अनील सिंह दिवाकर राव,त्रिवेणी यादव, छोटेलाल सिंह,अजय सिंह, आनंद मोहन सिंह,ओमप्रकाश सिंह,मुख्तार सिंह,शंभू सिंह,अनवारूल हक,निसार खान, उदय प्रताप सिंह,जय गोविंद मिश्र,गुड्डू मिश्रा,मोती लाल चौधरी,रामचंद्र कुशवाहा, अखिलेश मिश्र सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

सहकारी संघ जोकवा की निर्विरोध अध्यक्ष बनीं उर्मिला देवी

कसया, कुशीनगर। सहकारी संघ जोकवा का निर्विरोध अध्यक्ष चुनें जानें पर श्रीमती उर्मिला देवी को समर्थकों, शुभचिंतकों नें बधाई दी है। ज्ञातव्य है कि सहकारी संघ जोकवा के सम्पन्न हुए चुनाव में जोकवा बाजार निवासी समाजसेवी अवधेश प्रसाद गोड़ की पत्नी श्रीमती उर्मिला देवी को अध्यक्ष व मनोज कुमार उपाध्याय को उपाध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। इनके निर्विरोध निर्वाचन पर पूर्व प्रमुख दुर्गावती देवी,समाजसेवी पं.अजय कुमार शुक्ल,देवता सिंह,जयनारायन सिंह, अनिल जायसवाल, संजय लाल श्रीवास्तव, सा.स.स.धुनवलिया के अध्यक्ष प्रदीप कुमार, पूर्व प्रधान प्रमोद शुक्ल आदि नें हर्ष व्यक्त किया है।

सड़क से लेकर खेत तक छुट्टा पशुओं का आतंक किसानों की तोड़ रहे कमर

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जखनिया ब्लाक व तहसील धामुपुर गांव से लेकर कस्बे तक लोग छुट्टा पशुओं से परेशान हैं। छुट्टा पशु खेतो में जहां फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं तो वही सड़को पर डेरा जमाकर

सुगम राह में गतिरोध पैदा कर रहे हैं । हालत यह है कि रात के अंधेरे में सड़को पर संभल कर नही चले तो छुट्टा पशुओं से टकराना तय है। प्रशासन की ओर से बताए गए अस्थायी गोवश आश्रम स्थलो से लोगों से उम्मीदें थीं कि इनसे निजात मिलेगी पर ऐसा हो नही पाया। छुट्टा पशु अभी भी लोगो के परेशानी का सबब बने हुए हैं। ग्रामीणों क्षेत्रों में गेहूं आदि की फसले खेतो में लहलहा रही है जिसे दिनरात छुट्टा पश रॉद रहे हैं। जिससे किसानों को परेशानी बढ़ गई है। उन्हें अब खेतो की रखवाली भी करनी पड़ रही है। प्रशासन की ओर छुट्टा पशुओं को पकड़कर गोवंश आश्रम स्थलो में रखने के सख्त फरमान के वावजूद किसानों की समस्याएं जस की तस बनी हुई है। फसल से किसानों को काफी उम्मीद रहती है लेकिन छुट्टा पशु पिछले 7 सालो से उनकी उम्मीदो पर पानी फेर रहे हैं। जूगु सिंह, सरवन सिंह, नीरज सिंह, मुसाफिर चौहान, इंद्रजीत चौहान, कपिलदेव प्रजापति, बिहारी राम,समाजसेवी अनिकेत चौहान का कहना है कि छुट्टा पशु झुंड बनकर खेतो में घुस जाते हैं और रात में जागकर खेतों की रखवाली कर रहे हैं। उधर धामुपुर गांव के समाजसेवी अनिकेत चौहान ने ट्विटर के माध्यम ट्वीट करके इसकी शिकायत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और जनपद की जिलाधिकारी से शिकायत की गई देखिए आगे करवाई होती भी है। या समस्या जस की तस बनी रहती है।फसलो की सुरक्षा के लिए किसान खेत के चारों ओर कटीले तार लगा देते हैं। बावजूद इसके जानवर फसलो को नुकसान पहुंचा रहे है। इससे फसल की रखवाली करने वाले किसान छुट्टा पशुओं को खेतो से सड़को की ओर हाकते रहते हैं। क्षेत्र में घूमने वाले पशुओं का झुंड रात के समय सड़को पर डेरा जमा लेते हैं। इनमें काले रंग के पशु अंधेरे में दिखाई नहीं पड़ते हैं। इससे तीव्र गति से खेतो में घुसकर फसलों को हानि पहुंचाते हैं। कुछ दिन से इंद्रदेव बेमौसम बारिश के कारण गेहूं की फसल बर्बाद हो गई।

पिकअप के धक्के से घायल पूर्व प्रधान की मौत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। करंडा थाना क्षेत्र के चाडीपुर गाँव के पास सड़क हादसे में पूर्व प्रधान की मौत हो गई। बताया जा रहा है है शनिवार की देर रात चाडीपुर निवासी रमेश यादव 55 पुत्र सखरज यादव किसी काम से बाईक लेकर जा रहे थे। चोचकपुर से चाडीपुर जा रहींतेज रफ्तार पिकअप के धक्के से मोटरसाइकिल सवार पूर्व प्रधान बुरी तरह घायल हो गयें। ग्रामीणों की मदद से जिला अस्पताल लाया गया जहाँ चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया! घटना की जानकारी के होते हीं परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुँचीं पुलिस ने शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही वाहन को कब्जे में लेकर थाने लाया गया।

सरफराज अंसारी की 02 करोड़ 50 लाख रुपये की सम्पत्ति हुई कुर्क

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थानाध्यक्ष विवेचक थाना रामपुर माझा जनपद गाजीपुर की रिपोर्ट दिनांक 10 मार्च 23 द्वारा प्रेषित एवं पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा की गयी संस्तुति दिनांक 18 मार्च 23 पर अभियुक्त सरफराज अंसारी पुत्र मो0 शमीम अंसारी निवासी नूरुद्दीनपुरा थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर द्वारा एक गिरोह बनाकर लोक व्यवस्था को अस्त-व्यस्त करने तथा अपने गैंग के सदस्यों के लिए आर्थिक तथा भौतिक व अन्य लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से अकेले एवं सामूहिक रूप से आपराधिक कार्य तथा समाज विरोधी क्रियाकलापों में अर्जित बेनाम अचल संपत्ति अभियुक्त सरफराज अंसारी पुत्र मो0 शमीम अंसारी निवासी नूरुद्दीनपुरा थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर द्वारा दिनांक 04 अगस्त 21 को सरफराज अंसारी उपरोक्त द्वारा स्वयं के नाम से मुहल्ला बहुपुरा गाजीपुर के नगर पालिका में मकान की भूमि जिसका क्षेत्रफल 322 वर्ग मीटर है। जिसकी बाजारू कीमत कुल मिलाकर लगभग 02 करोड़ 50लाख रुपये की अचल संपत्ति को कुर्क किया गया। अभियुक्त उपरोक्त के ऊपर एनडीपीसी एक्ट सहित गिरोह बंद अधिनियम के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं।

हथकरघा पुरस्कार से सम्मानित अकबर हुसैन का जनपद भर में हुआ भव्य स्वागत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जनपद गाजीपुर को संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार के लिए प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।है राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए नेशनल हैंडलूम सेंटर के प्रोपराइटर अकबर हुसैन और उनके उत्पादों का चयनित करते हुए जनपद को यह स्थान मिलते ही खुशी की लहर दौड़ पड़ी गाजीपुर के इमिलिया पहलवानपुर के जामदानी साड़ी तैयार करने वाले श्री अकबर हुसैन को लोक भवन में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा पूर्व में राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित करते हुए जिले का नाम प्रदेश स्तर पर पहुंचाने पर बधाई भी दिया गया। साथ ही शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि कार्य में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए सरकार हमेशा आपके साथ खड़ी है जनपद में आगमन पर अकबर हुसैन का पीजी कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष अमरजीत यादव के नेतृत्व में जंगीपुर स्थित आवास पर जोरदार स्वागत किया गया स्वागत में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे वही पूर्व अध्यक्ष ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित

भी किया इस मौके पर अकबर हुसैन ने कहा कि पुराने घर की स्थितियां बहुत ही नाजुक थी काफी परिश्रम करने के बाद शुरूआती दौर में अपने पारंपरिक कार्य बुनाई करता रहा पहले हमारे द्वारा जुट वाला हैंगिंग बुनाई का कार्य किया जाता था। वाल हैंगिंग की बुनाई से लाभ कब मिलने के कारण कढुआ साड़ियां जिसमें मुख्य रुप से जंगला, रंग काट, और जामदानी साड़ियां की बुनाई का कार्य प्रारंभ किया। इस कार्य में बनाने में कठिनाइयां जरूर आती रही है क्योंकि इसके कारीगर खुद ब खुद तैयार करने पड़ते थे लेकिन बेचने में उतने ही कम समय लगते हैं आज प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा यह सम्मान प्राप्त हुआ है हमें विश्वास है कि प्रदेश की सरकार भविष्य में इस उद्योग को बढ़ावा देने के लिए और भी व्यवस्था उपलब्ध कराएगी हमारे उद्योग धंधे में सैकड़ों की संख्या में कामगार है जिनमें महिलाओं के लिए प्रमुख व्यवस्था की गई है। एक विकलांग महिला भी है जो बहुत ही ईमानदारी से अपने कार्यों को करती हैं हमारा प्रयास है कि गांव की गरीब बेटियां अपने हाथों में हुनर लेकर अपने ससुराल जाए और वह किसी पर आधारित ना रहे।

अकबर हुसैन ने आगे बताया कि हमारी पत्नी जुलेखा खातून भाई अनवर अली अफजाल अंसारी हमारे इस उद्योग धंधे को बढ़ावा देने के लिए हमेशा लगे रहते हैं वही तीन बेटियां भी हैं जिन को अच्छी शिक्षा प्रदान कर पा रहा हूं। हमारे द्वारा तैयार की हुई साड़ियां वाराणसी ,दिल्ली, बेंगलुरु ,अहमदाबाद तक बेची जाती है। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष अमरजीत यादव के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में चार पहिया वाहनों के साथ जंगीपुर से होते हुए गाजीपुर, लंका ,मिश्र बाजार, महुआबाग में जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र यादव टिंकू , सखीचंद यादव सरफुद्दीन अंसारी रामजस यादव चंद्रजीत यादव किताब उद्दीन अंसारी सूर्यनाथ यादव असलम कुरेशी नीरज राम और घनश्याम जायसवाल सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे इस मौके पर आए हुए सभी लोगों का पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अमरजीत यादव ने आभार प्रकट किया।

दो दिवसीय दार्शनिक उत्सव का कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

प्रखर गोरखपुर। सेण्ट ऐण्ड्रयूज महाविद्यालय में दर्शनशास्त्र विभाग के 107 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दो दिवसीय दार्शनिक उत्सव का समाप समारोह,पुरस्कार वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ।शनिवार को समापन समारोह के पुरस्कार वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बी0आर0डी0 पी0जी0 कालेज,बरहज, देवरिया के दर्शनशास्त्र के एसो0 प्रो0 डॉ0 सूरज गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव रेव्ह प्रो0 जे0के0 लाल ने की। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्या डॉ0आर0एन0 सैमुअल द्वारा प्रार्थना के साथ की गयी।इस अवसर पर दर्शनशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये एवं साथ ही प्रथम दिन आयोजित हुए पोस्टर, मॉडल प्रदर्शनी एवं कुकिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।मॉडल प्रदर्शनी में शाकरीन खान, सानिया खान,रिषीका प्रजापति, कविता पासवान, यशफीन अनवर, पुनीता एवं समन इमरान आदि विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।कुकिंग प्रतियोगिता में वेज, नॉनवेज और मीठा तीन श्रेणीयों में प्रतीक शुक्ला, फैशल खान, नरेन्द्र, आयरा, मेनका मिश्रा तथा राहुल आदि को पुरस्कार प्रदान किया गया। दर्शनशास्त्र के विद्यार्थियों ने झांसी की रानी लक्ष्मी बाई के व्यक्तित्व पर तथा दर्शन के अनेक आयाम पर नाटक प्रस्तुत किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन अमृता वर्मा, हिमांशु सिंह तथा खदीजा ने किया। तिथियों का परिचय देते हुए डॉ0 विकास कुमार सरकार ने कार्यक्रम के उद्देश्य तथा महत्व पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम के दौरान अनुशासन बनाये रखने में एहद खान, नितीश सिंह, इजहार, सूरज, हर्षित आदि ने उल्लेखनीय भूमिका अदा की। कार्यक्रम के अन्त में मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सेण्ट ऐण्ड्रयूज कालेज अध्ययन और अध्यापन के क्षेत्र में अपने नाम के अनुरूप निरंतर प्रगति करता जा रहा है और मुझे यह कहने में तनिक भी संकोच नहीं हो रहा है कि अनेक महाविद्यालयों को यहां सम्पन्न हुए कार्यक्रम से सीख लेने की जरूरत है।

कराए जा रहे नाला सफाई अभियान को और गति से कराए सफाई : नगर आयुक्त

प्रखर गोरखपुर। नगर निगम कर्मचारियों द्वारा छोटे बड़े नालों की झलीदार सफाई को बेहतर ढंग नाला साफ किए जा रहे कार्यों को नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने समीक्षा करते हुए महानगर के समस्त बडें नाले, मझोले नाले व छोटे नाले/नालियों की साफ-सफाई, बाढ़ एवं जलभराव के सम्बन्ध मे समीक्षा करते हुए कहा कि महानगर के समस्त बडें नालो की सफाई के बारे मे समस्त सफाई निरीक्षकों से नाले की सफाई की प्रगति के बारे में बडें नालों की सफाई का कार्य पोकलेन/जे0सी0बी0, नाला गैंग लगाकर पूर्ण कराने हेतु समस्त जोनल अधिकारी व सफाई निरीक्षकों को निर्देशित किया गया। नालों की सफाई के दौरान नालों छोटे/बडें अतिक्रमण करने वालो को नोटिस देकर प्रवर्तन दल को लेकर अतिक्रमण को ध्वस्त कर नाले की सफाई का कार्य किये जाने हेतु समस्त जोनल अधिकारी व सफाई निरीक्षकों को निर्देशित किया गया साथ ही नाले पर किये गये अतिक्रमण को नायब तहसीलदार व तहसील से कानुनगों व लेखपाल को लेकर चिन्हीत करने के लिए दिए गए निर्देश में अब तक क्या किया गया समस्त जोनल अधिकारियों, सफाई निरीक्षकों व सुपरवाइजरों पूर्व की भांति नाले/नालियों की सफाई युद्ध स्तर पर कराने, नालों की सफाई की फोटों, आवश्यक संसाधनों व नालों की सफाई की स्थिति के बारे मे नालों की सफाई हेतु बनाये गये व्हाटसएप ग्रुप मे डालने हेतु निर्देशित किया गया। समस्त बडें/मझोले नालों की सफाई का कार्य डबल शिफ्ट मे कराया जाये, आवश्यकता पडने पर रात मे भी पोकलेन लगाकर सफाई कराने हेतु समस्त जोनल अधिकारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, जोनल सेनेटरी अधिकारी व सफाई निरीक्षकों को निर्देशित किया गया।

होली मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल की नई शाखा भेलूपुर का भव्य शुभारंभ

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। होली मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल की नवीनतम् शाखा भेलूपुर का 2अप्रैल 2023 रविवार को शुभारंभ मुख्य अतिथि आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्रा 'दयालु' के कर-कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया` मुख्य अतिथि दयालु जी का स्वागत स्कूल के प्रबंधक विनोद कुमार वर्मा एवं संरक्षिका करुणा वर्मा ने किया इस अवसर पर स्कूल की विनायका शाखा के सभी अभिभावकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं सहभागिता सराहनीय थी` कार्यक्रम का समापन स्कूल की प्रधानाचार्या सुश्री जया चौरसिया के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

दोहरी भूमिका के बीच निभानी होगी जिम्मेदारी : डॉ. भावना

प्रखर पिंडरा वाराणसी। कैथौली स्थित मां शारदा देवी महिला महाविद्यालय में रविवार को पूर्व छात्राओ का एल्यूमिनी मीट समागम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आगाज ओ री चिरैया अंगना में फिर आजा रे, के गीत से हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा कार्यालय की वित्त अधिकारी डॉ भावना श्रीवास्तव रही। उन्होंने छात्राओ को संबोधित करते हुए कहाकि इससे छात्राएं अपने महाविद्यालय से जुड़ेंगी और जो छात्राएं उच्च पदों पर आसीन हो गई है उनसे छात्राओं को प्रेरणा मिलेगी । उन्होंने छात्राओं से कहाकि आपको अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा बिना संघर्ष के पहचान नही बनती है। एक महिला होने के नाते हम लोगों को बड़ी जिम्मेदारियां उठानी पड़ती हैं।

घर और बाहर की जिम्मेदारियों के बीच संघर्ष को स्वीकार करते हुए हमें आगे बढ़ना होगा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ छात्राओं ने कालेज के दिनों के अपने अनुभवों को एक दूसरे से साझा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कौशलेंद्र नारायण सिंह , स्वागत प्राचार्य डॉ भावना श्रीवास्तव तथा धन्यवाद ज्ञापन संस्थापक विजेंद्र नारायण सिंह ने दिया। इस अवसर पर प्रबन्धक श्रीमती राखी सिंह , डॉ अनीता गुप्ता, परमानंद जी, दिलीप यादव , जटाशंकर सिंह , दिवाकर पांडे, जेपी सिंह , अवधेश कुमार सिंह , रत्ना श्रीवास्तव ,अनिल कुमार पटेल ,अवधेश कुमार राय समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

5 करोड़ 2 लाख 87 हजार की लागत से सुधरेगी चन्दौली लोकसभा की 9 सड़के

9.39 किमी की लम्बाई में उपरोक्त सड़को का होगा निर्माण, आमजन को मिले आवागमन के बेहतर विकल्प प्राथमिकता पर

राहुल चौबे

प्रखर दानगंज वाराणसी। केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद चंदौली डॉ महेंद्र नाथ पाण्डेय के पहल पर लोकसभा क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले सभी विधानसभा क्षेत्रों में कुल 9 सम्पर्क मार्गो के निर्माण हेतु उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 5 करोड़ 2 लाख 87 हजार लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस क्रम में पं दीन दयाल उपाध्याय विधानसभा क्षेत्र के कम्हरिया में मंगरु विन्द के घर से बारी माइनर (मछरिया पुल) तक, खरगीपुर काली माता मन्दिर से लौदा माइनर तक, सकलडीहा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सहरोई ब्राह्मण बस्ती से चौहान बस्ती दान का पुरा तक, अलीनगर सकलडीहा मार्ग पर बहबलपुर से चकरिया होते हुए दरियापुर रजवाहे तक, सैयदराजा विधानसभा क्षेत्र के एन.एच.97 सैयदराजा जमानिया मार्ग पर कन्दवा थाने से पश्चिम कम्हरिया होते हुए ठाकुरबाड़ी तक,ग्राम खोर में नहर पुल से तुलसी आश्रम तक चन्दौली जनपद

में सड़को का निर्माण किया जायेगा। वहीं वाराणसी जनपद अंचल में आने वाले शिवपुर विधानसभा क्षेत्र के रामपुर पिच रोड से काली माता मन्दिर तक,अजगरा विधानसभा क्षेत्र के बर्थरा खुर्द से अजांव तक तथा सुल्तानुपर खुर्द महराजगंज से राजभर बस्ती से होते हुए रामपुर तक की सड़क निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गयी है। केन्द्रीय मंत्री डॉ पाण्डेय जी ने मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देते हुए कहा लोकसभा क्षेत्र में आवागमन के बेहतर विकल्प आम जनता को मिले यह हमारी प्राथमिकता में सर्वोपरि रहता है। समय समय पर अनेक सड़कों का निर्माण निरन्तरता में बना हुआ है। जनता के आशीर्वाद से आगे भी बना रहेगा। जिला मीडिया प्रभारी श्रीनिकेतन मिश्र ने बताया कि 9.39 किमी. लम्बी उपरोक्त सभी सड़को के निर्माण हेतु उ. प्र.शासन द्वारा कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को नामित किया गया है।

पुरानी पेंशन योजना की बहाली को लेकर शिक्षक, कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

प्रखर गोरखपुर। नेशनल मुवमेंट ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम संगठन और अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के आह्वान पर शनिवार को पूरे देश और प्रदेश के सभी शिक्षक,कर्मचारी, अधिकारियों ने अपने- अपने कार्यस्थल पर बांह पर काली पट्टी बांधकर कार्य किया।शनिवार को सेंट एंड्रयूज कालेज के शिक्षकों ने 1 अप्रैल 2005 को लागू एनपीएस योजना का हाथ पर काली पट्टी बांध कर कार्य करते हुए प्रतीकात्मक विरोध किया और पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन को मजबूती देकर अपने नैतिक कर्त्तव्यों का निर्वहन किया।डा सुशील कुमार राय ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि विरोध प्रदर्शन में सेंट एंड्रयूज कालेज, गोरखपुर के शिक्षकों में डा रवींद्र कुमार, डा सुशील कुमार राय, डा नवीन श्रीवास्तव,डा पी एन सिंह,डा अरविंद सिंह,डा शीबा हिमानी शर्मा, डा सीमा शेखर,डा ई सी दास और डा अर्चना श्रीवास्तव की उपस्थिति रही।

मानस सेवा समिति द्वारा आठ दिवसीय श्रीराम कथा का हुआ आयोजन

पराऊगंज। ह्रदय मे अगर भगवान का स्थान हो जाये तो हर्ट अटैक जीवन भर नही हो सकता है। उक्त बातें पराऊगंज बाजार स्थित मानस सेवा समिति द्वारा आयोजित आठ दिवसीय श्रीराम कथा के प्रथम दिवस शनिवार को

मानस मर्मज्ञ पंडित प्रकाशचंद्र पांडेय विद्यार्थी ने कही उन्होने कीर्तन एवं सुमिरन तथा सुन्दर को रेखांकित करते हुए कहा कि भगवान का रूप जलाशय की तरह है मनुष्य को अपनी आखे मछली कि तरह रखना चाहिए ताकि भगवान के जलाशय में मछली की तरह निवास कर सके। सुंदरकांड की उपायदेयता का बोध कराते हुए बताया कि नारी सशक्तिकरण भारतीय संस्कृति में सदियों से चली आ रही है जिस के नाते प्राण से भी ज्यादा प्यारा होने पर भी माता कैकेयी ने राम को वन भेजा तथा बाली एवं लंकापति रावण ने नारी का हरण करने पर श्रीराम ने मयार्दा का पालन करते हुए उनका बध किया। ब्रिटिश गवर्नमेंट के दांत खट्टे कर तलवार की नोक को चुराते हुए झांसी की रानी शौर्य गति को प्राप्त हुई। ऐसे होती हैं हमारी भारतीय नारी। कथा के आयोजक राधेश्याम गुप्ता ने मंचस्थ व्यास पीठ का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। उक्त अवसर पर पंडित श्रीभूषण मिश्र पंडित राम सुमेर मिश्र भैयालाल शुक्ल पूर्व ब्लॉक प्रमुख वंश गोपाल सिंह हरीनाथ तिवारी नितिन सिंह भाजपा नेता कृष्ण प्रताप दुबे सुभाष सिंह पवन कुमार चौबे सतीश गुप्ता समेत सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु जन कथा का रसपान किया आरती वंदन सभी श्रद्धालु जनो ने किया।

उपेंद्र राय गैंग की सदस्या सृष्टि राय की साढ़े 53 लाख की संपत्ति हुई कुर्क

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक मुहम्मदाबाद व विवेचक थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर की रिपोर्ट दिनांक

28 जनवरी 23 द्वारा प्रेषित एवं पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा की गयी संस्तुति दिनांक 07 फरवरी 23 पर अभियुक्त गैंग लीडर उपेन्द्र राय पुत्र प्रदीप राय निवासी 303 ब्लूमबर्ग टॉवर ओमेक्स हाईट, विभूति खण्ड, लखनऊ पूर्वी (कमिश्नरेट लखनऊ) की गैंग की सदस्या अभियुक्ता सृष्टि राय पुत्री रामअशीष राय निवासी ग्राम हैबतपुर थाना कोतवाली जनपद बलिया द्वारा एक गिरोह बनाकर लोक व्यवस्था को अस्त-व्यस्त करने अपने तथा अपने गैंग के सदस्यों के लिए आर्थिक तथा भौतिक व अन्य लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से अकेले एवं सामूहिक रूप से आपराधिक कार्य तथा समाज विरोधी क्रियाकलापों में अर्जित बेनाम अचल संपत्ति निम्न है- अभियुक्त द्वारा अपने संगठित अपराधिक कृत्यो के अर्जित धन से अपनी पैतृक आबादी की भूमि (आ0नं0-452 रकबा 2.845 हे0डी0 आबादी) पर ग्राम हैबतपुर परगना एवं तहसील व जिला बलिया में भवन का निर्माण कराया गया। जिसकी कीमत कुल मिलाकर 53 लाख 48 हजार है जिसको आज कुर्क किया गया।

लोगों को गुमराह कर धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में दो गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज रविवार को जनता के व्यक्तियों से सूचना प्राप्त हुयी कि बंशी बाजार में राधेनगर कालोनी गाजीपुर में कुछ लोग भोले-भाले व्यक्तियों को इकठ्ठा कर मंच लगाकर के बहला फुसलाकर कि ईसू की उपासना करेगें, तो आप के सारे कष्ट दूर हो जायेगे। उसी लोग में कुछ लोग यह बता रहे थे कि मेरा पैर टूट गया था ईसू को याद किया तो तत्काल ठीक हो गया, कुछ व्यक्ति बता रहे थे कि हमें दिखाई नही देता हैं और मैने भी ईशू की उपासना किया तो मेरी आंखे वापस आ गयी। कुछ लोगो को पोलियो हुआ था जो ईसाई धर्म का पालन करने से बिस्तर से उठ कर चलने लगा। इस प्रकार भोले-भाले लोगो को गुमराह कर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। उक्त सूचना पर थाना कोतवाली गाजीपुर की टीम मौके पर पहुँच कर देखी तो घटना सत्य पायी गयी मौके से दो व्यक्ति क्रमशः विपिन कुमार पुत्र गुलाब नि0 कहनौर थाना सराय लखन्सी जिला मऊ व राकेश प्रजापति पुत्र रामधनी निवासी बंशी बाजार थाना कोतवाली जिला गाजीपुर को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

जनपद भर में पुलिस ने किया 42 वांछित तथा वारंटीयो को गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के दृष्टिगत ओमवीर सिंह , पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के निर्देशन व,अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ग्रामीण के पर्यवेक्षण में समस्त थानों पर टीमें गठित कर वारंटी, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में आज रविवार को जनपद के समस्त सर्किल के विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत गि?फ्तार वांछित व 41(1) सीआरपीसी में तामिल वारण्टियों की संख्या का विवरण निम्नवत है- जनपद गाजीपुर में समस्त सर्किलो के समस्त थानो द्वारा गिरफ्तार वारण्टियो की संख्या- 42, व गिरफ्तार वांछित की संख्या-34 तथा 41(1) सीआरपीसी में नोटिस तामिल वारण्टियो की संख्या-119 है।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान का आगाज

प्रखर गोरखपुर। नगर पंचायत घघसरा स्थित समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठरार्पार में शनिवार को स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान का आगाज किया, जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिवार के सभी कार्यकर्ता मौजूद थे। सीएचसी अधीक्षक डॉ सतीश कुमार सिंह एवं वरिष्ठ स्वास्थ्य कर्मी हेमंत पाण्डेय एवं विनय पाण्डेय की अगुवाई में दर्जनों स्वास्थ्य कर्मियों ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान की तख्तियां हाथ में लेकर सीएचसी मुख्यालय से पूर्व माध्यमिक विद्यालय घघसरा तक रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। सभा को संबोधित करते हुए- सीएचसी अधीक्षक सतीश सिंह ने कहा कि- संचारी रोग बढ़ने का सबसे ज्यादा खतरा गंदगी से होता है । सभी को मिलकर अपने आस-पड़ोस की सफाई का ध्यान करना होगा । तभी हम अपने अभिनय से सफल हो सकते हैं। रोग के लक्षण दिखने पर लापरवाही न करें, तत्काल डाक्टर को दिखाएं।

संक्षिप्त खबरें

किन्नर पर जानलेवा हमले का मुख्य आरोपित गिरफ्तार

प्रखर गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम गाही-रिठुआखोर मार्ग पर बीते 19 मार्च को किन्नर तान्या पर तमंचे से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं-304/120 बी के तहत मुकदमा दर्ज किया था और आरोपितों की तलाश कर रही थी। शनिवार पूर्वाह्न 11.00 बजे मुखबिर की सूचना पर घघसरा पुलिस टीम ने मुख्य आरोपित राम करन उर्फ प्रिया किन्नर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त- संदर्भ में चौकी प्रभारी घघसरा विनय कुमार सिंह ने कहा कि आरोपित प्रिया किन्नर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

प्रधानमंत्री आवास में हो रहा खेल, जांच में खुल गया पोल

प्रखर गोरखपुर। पिपरौली ब्लाक के छपिया में प्रधानमंत्री आवास योजना में हो रहे भ्रष्टाचार का मामला प्रकाश में आया हैं। अपात्रों को पात्र बनाकर कर दिया धन का आवंटन। शिकायत के बाद जांच करने पहुंचे जिला ग्राम्य विकास अभिकरण से कामरान मुराद अंसारी ने चार लोगों को अपात्र घोषित किया। पिपरौली के छपिया निवासी ऋषि देव गौड़ ने 15 मार्च को मंडलायुक्त को शिकायती पत्र देकर बताया था कि सचिव अजय कुमार जायसवाल ने आवास के नाम पर उनसे 20 हजार रूपए की मांग कर हैं। रुपए नही देने पर अपात्र घोषित कर दिए हैं, जबकि गांव में अन्य लोगों के पास पक्का मकान होने के बाद भी उनके द्वारा पीएम आवास योजना का लाभ दिया जा रहा हैं। उक्त शिकायत की जांच करने गांव पहुंचे जिला ग्राम्य विकास अभिकरण से कामरान मुराद अंसारी ने ऋषि देव गौड़, संध्या पत्नी राजेश, रामकुमार, साबिउन पत्नी सद्दाम, सदरे आलम का पीएम आवास योजना की पात्रता जांच किया जिसमे मात्र सबिउन ही पात्र पाई गई। तथा चार लोगो को अपात्र बताया गया। इसमें से कुछ अपात्र लोगों को पीएम आवास योजना के अंतर्गत धनराशि दी जा चुकी हैं।जिसकी रिपोर्ट उन्होंने जिले के उच्चाधिकारियों को सौप दी हैं। अब देखना है कि जिम्मेदार सरकारी आवास योजनाओं में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ क्या कार्यवाही करते हैं।

जांच रिपोर्ट मेरे संज्ञान में नहीं हैं। अगर जांच आख्या मुझे मिलता है तो उसके अनुसार नीतिसंगत कार्यवाही की जाएगी- कुमार कार्तिकेय मिश्र खण्ड विकास अधिकारी पिपरौली

प्रदेश सरकार अन्य प्रदेशों की भांति कोटेदारों का कमीशन बढाये

प्रखर वाराणसी। आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन एव भारतीय जन वितरण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश तिवारी ने एक कार्यक्रम में कहा कि उत्तर प्रदेश के राशन डीलरो का कमीशन अन्य प्रदेशों से बहुत कम है।जब अन्य प्रदेशों में वहा की राज्य सरकार कमीशन बढाया है। दिल्ली में केजरीवाल 200रुपए कमीशन देती है वहां की राशन डीलरो को लगभग सभी राज्यों में कमीशन बढा है।जो कि वहां की राज्य सरकार बढ़ाई है।उसी तरह से उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ जी यहां के राशन डीलरो की कमीशन बढ़ाते। ताकि यहां के 80000हजार राशन डीलर के परिवार का भरण पोषण हो सकें।जब अन्य प्रदेशों से उत्तर प्रदेश के कोटेदारों का वितरण और कार्य में पूरे देश में पहला स्थान प्राप्त किया है।आज भी है।अगर उत्तर प्रदेश की सरकार नही सुनती हैं तो आने वाले दिनों में प्रदेश के कोटेदार बडा आंदोलन करैंगे। जिसमें भारतीय जन वितरण पार्टी उनका पूर्ण रूप से समर्थन करेगी नहीं तोआगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी सभी सीटों पर अपना उम्मीदवार खडा करके चुनाव लड़ेंगी।

नारी शक्तियों का हुआ सम्मान

प्रखर जौनपुर। नगर के एक होटल में फ्रेंड ग्रुप ट्रस्ट एवं जारा एवं द्वारा नारी सशक्तिकरण गोष्टी एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ जिसमें हाल ही में मिस और मिसेज यूपी क्वीन का खिताब जीतने वाली खुशबू प्रजापति और सोनल श्रीवास्तव का सम्मान गौराबादशाहपुर के समाजसेवी धर्मेंद्र जायसवाल जी के सौजन्य से हुआ उनके अलावा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों का सम्मान हुआ मुख्य अतिथि के रूप में नगर मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह ने कहा समाज में जितना योगदान पुरुष का है उतना ही योगदान महिलाओं का भी है आज हर क्षेत्र में महिला बड़ी जिम्मेदारी से कार्य कर रही है जिसके लिए वह सम्मान की हकदार है विशिष्ट अतिथि विवेक सेठ मोनू ईशान मिश्रा अमरावती ग्रुप रहे कार्यक्रम में राहुल चंद्र द्वारा अच्छे से गीतों की प्रस्तुति की गई सम्मान की श्रेणी में सरला महेश्वरी पूनम जायसवाल खुशबू जायसवाल अर्चना सिंह तस्नीम फातमा कमर हसनैन दीपू शिवानी चौरसिया उर्वशी सिंह डॉ राजेश चंद्रा आकांक्षा द्विवेदी प्रदीप सिंह रिंकू विवेक सिंह संतोष मिश्रा सुग्गू विकेश उपाध्याय विक्की रानू सिंह श्रीकांत महेश्वरी सोनी रघुवंशी राजेश कुमार के अलावा अन्य लोगों को भी सम्मानित किया गया आभार आयोजक मिनाज शेख ने किय संचालन आयोजक सलमान शेख ने किया इस अवसर पर रमेश बरनवाल डॉ मनोज वत्स संदीप पांडे दिलीप सिंह पप्पू माली सागर शान राहिल शेख हर्षवर्धन रघुवंशी नीरज शाह वंशिका सिंह ज्योति श्रीवास्तव अमित यादव रागिनी मौर्य राजकुमार सिंह मनीष चौरसिया इमरान इराकी अमित सिंह बंटी अनिल यादव संतोष दुबे डॉ प्रशांत द्विवेदी मीता गुप्ता मनीष मौर्य सारिक सत्यम आदि लोग उपस्थित रहे।

चिंगारी से गेंहू के खेत में लगी आग

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर कस्बा में रविवार को अपराह्न में गेहूं के खेत मे विद्युत तार से निकली चिनगारी से 6 बिस्वा गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। बताते हैं कि फूलपुर ही निवासी रामकिशुन यादव का 12 बिस्वा खड़ी गेंहू की फसल थी। रविवार को 3 बजे चल रही हवा के बीच खेत के ऊपर से गई 11 हजार बोल्ट के तार लटके हुए थे। हवा से दो तार के बीच स्पर्श होने पर चिनगारी निकली और आग लग गई। आसपास और राहगीरों ने आग को बढ़ने से रोक दिया। वरना आसपास के खेत भी आग की चपेट में आ जाते। फूलपुर निवासी संजय यादव की सूचना और फूलपुर पुलिस और फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुची। लेकिन तब तक ग्रामीण आग को बुझा चुके थे।

बॉलीवुड

विरोध, अपराध, रोमांस और खेल का मिश्रण

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अवैध रेत खनन की गंभीर दुनिया में एमएक्स प्लेयर ने मनोरंजक क्राइम थ्रिलर विरोध के एपिसोड्स को रिलीज किया।



कजरी (प्रीता बख्शी) युवा खिलाड़ी है, जिसका जीवन अपने पिता और भाई की क्रूर हत्या के बाद उलटा हो जाता है। अपनी मां के साथ जीवन की बाधाओं से लड़ते हुए, कजरी खुद को निर्दयी चाचा बृजभान की दया पर है, जो परिवार के व्यवसाय को संभालते हैं और उसकी शादी करने की योजना बनाते हैं। शादी की रात हिंसक गोलीबारी खून खराबे में बदल जाती है। पृथा ने कहा, कजरी ज्ञानवर्धक अनुभव रहा, मैंने छोटे शहर की लड़की के जीवन और संभावनाओं को भी मूर्त रूप दिया। अभिनव रंगा ने कहा, रोमांचक अनुभव था। गोगी जटिल और दिलचस्प है।

भुवन अरोड़ा ने पुरस्कार प्राप्त किया

फर्जी स्टार भुवन अरोड़ा को आईएमडीबी 'लोकप्रिये स्टार' स्टारमीटर अवार्ड प्रदान किया। आईएमडीबी स्टारमीटर अवार्ड्स उन प्रतिभाओं को पहचानते हैं, जो एक्सक्लूसिव रैंकिंग पर प्रदर्शन करते हैं, जो पर ट्रेंड कर रहे हैं। दोनों दुनिया भर में आईएमडीबी पर 200 मिलियन से अधिक मासिक विजिटर्स को चार्ट करते हैं। अरोड़ा सनी (शाहिद कपूर) का सबसे अच्छा दोस्त है, जो कलाकार है जो सही नकली मुद्रा बनाने पर जालसाजी में खींच लिया जाता है। अरोड़ा शुद्ध देसी रोमांस, तेवर, द टेस्ट केस और बैंक चोर भी शामिल हैं।

'फुले' के लिए तैयार पत्रलेखा



वेब शो 'आर या पार' में के लिए प्रशंसा हासिल करने के बाद, पत्रलेखा अब सामाजिक कार्यकर्ता, सावित्रीबाई फुले की भावनाओं के साथ सिल्वर स्क्रीन पर रंग भरने के लिए तैयार हैं। पत्रलेखा फुले के रूप में दिखाई देंगी। पत्रलेखा ने कहा, सावित्रीबाई फुले देश में महिलाओं की साक्षरता के विषय में सबसे आगे रही थी। स्क्रीन पर भारतीय नारीवाद की मां के किरदार को निभाना, बेहद सम्मान की बात है। अनंत महादेवन द्वारा निर्देशित इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल के शुरुआत में शुरू होगी।

मंडला मर्डर्स में वाणी

वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले, दूसरे ओटीटी शो की घोषणा की है, जो क्राइम थ्रिलर है। इसका शीर्षक मंडला मर्डर्स है। इसे मर्दानी 2 के निर्माता-निर्देशक गोपी पुरथन ने बनाया है। इसमें वाणी कपूर होंगी और गुल्लक फेम का वैभव राज गुप्ता होंगें। मनन रावत इसके सह-निर्देशक होंगे। गोपी उत्तर प्रदेश में लगभग एक महीने तक शूटिंग करेंगे, उसके बाद दिल्ली और फिर मुंबई जाएंगे। यूपी के प्रयागराज, लखनऊ और वाराणसी में आकर्षक एवं मनोरम नजारों की शूटिंग करेगी। इसमें आर माधवन, केके मेनन, दिव्येंदु और बबील खान प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

तुषार ने स्टारफिश शुरू की

अपनी पहली फिल्म 'स्टारफिश' की शूटिंग शुरू करने के लिए उत्साह और आनंद व्यक्त करते हुए, तुषार खन्ना ने तस्वीरें साझा की। माल्टा में 'स्टारफिश' की शूटिंग शुरू करते हुए कहा, पहली फिल्म का पहला दिन तुषार अमृतसर जैसे छोटे से शहर से है और उन्होंने अपनी पहली फीचर फिल्म हासिल करने के लिए लंबी यात्रा तय की है। तुषार ने कहा, अमृतसर दा मुंडा आज माल्टा में अपने सपनों को पूरा होते देख रहा है। स्टारफिश वीना नायक के बेस्ट सेलर उपन्यास पर आधारित है।

जिमी शेरगिल की 'ऑपरेशन मेफेयर'

ऐड-फिल्म डायरेक्टर के रूप में 300 से अधिक ब्रांड्स की प्रतिष्ठा को मजबूत करने के बाद सुदीप्तो सरकार, पहली बॉलीवुड फीचर फिल्म 'ऑपरेशन मेफेयर' के साथ तैयार हैं। फिलहाल लंदन में रह रहे, सुदीप्तो ने इससे पहले दो शार्ट फिल्म्स 'अनोखा' और 'कृष्णास प्लेग्राउंड' के साथ खुद को निर्देशक के रूप में साबित किया है। सुदीप्तो ने कहा, लंदन में पुलिस फोर्स द्वारा उपयोग की जाने वाली दिलचस्प टेक्निक्स, मल्टीकल्चरल ब्रिटेन को दिखाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा, मैं हमेशा जिमी शेरगिल को अमर सिंह (नायक) की भूमिका के लिए कास्ट करना चाहता था।

वर्धन ने सतीश को कहा फैमिली

'ये साली आशिकी' से बतौर लीड इंडस्ट्री में डेब्यू करने वाले एक्टर वर्धन पुरी ने दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक के साथ दो बार स्क्रीन स्पेस शेयर करने पर खुद को बताया लकी, जिसमें उनकी जल्द रिलीज होने वाली विवेक अग्निहोत्री की 'नौटंकी' भी शामिल है। वर्धन ने बताया, सतीश जी न केवल महान अभिनेता और सह-अभिनेता थे, बल्कि फादर फिगर, वेल विशर और ऐसे व्यक्ति थे, जिन्हें मैं फैमिली का सदस्य मानता हूं। उन्होंने आगे कहा, मैं इस शानदार अभिनेता (सतीश कौशिक) के साथ फिर से काम करना चाहता था।

संदीपा धर दिल्ली में करेंगी शूट

संदीपा धर ने अपने अगले प्रोजेक्ट की तैयारी की घोषणा की। हाल के दिनों में अभय, मुमभाई, बिसात, माई और डॉ. अरोड़ा सहित विविध किरदारों से प्रभावित करते हुए, संदीपा लगातार प्रदर्शन कर रही हैं। संदीपा शो की शूटिंग करेंगी। वह स्क्रिप्ट रीडिंग सेशंस, फिटिंग और ट्रायल्स आदि के साथ भूमिका की तैयारी कर रही है। संदीपा प्रशिक्षित डांसर भी हैं। अंतर्राष्ट्रीय म्यूजिकल वेस्ट साइड स्टोरी का नेतृत्व करने वाली, संदीपा एकमात्र भारतीय कलाकार थी। अभिनेत्री ने हीरोपंती, दबंग 2 और कागज जैसी फिल्मों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

अभिनेता बने सफल लेखक

अभिनेताओं को हमेशा अभिनय कौशल के साथ किरदार को जीवंत करते हैं। कुछ अभिनेताओं ने करियर से परे रचनात्मकता और प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए, लेखक के रूप में भी खुद को साबित किया है।

फरहान अख्तरः जिन्हें लेखन कौशल लेखक माता-पिता जावेद अख्तर और हनी ईरानी से विरासत में मिला है। उन्होंने दिल चाहता है फिल्म के निर्देशन, निर्माण और लेखन की शुरुआत की। डॉन, रॉक ऑन, जिंदगी ना मिलेगी दोबारा, तलाश, और दिल धड़कने दो जैसी हिट फिल्मों में न सिर्फ लिखा बल्कि इनमें निर्देशन, निर्माण और अभिनय भी किया है।

मोहसिन अली खानः सोनी टीवी पर मेरे साईं और कामना के लिए प्रसिद्ध हैं, साथ ही डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर आने वाले रुद्रकाल में भी हैं। पॉकेट एफएम की ऑडियो श्रंखला शिवमः द हिडन वॉरियर से उन्हें लेखक के रूप में अपार पहचान मिली।

सुमित व्यास : 'वीरे दी वेडिंग' सहित 30 से अधिक फिल्मों के साथ प्रतिभाशाली अभिनेता के रूप में खुद को साबित कर चुके हैं, लेखन कला विरासत है। उनके पिता एनएसडी में लेखक थे और मां लेखिका हैं। उन्होंने टीवीएफ ट्रिपलिंग सीजन 1 और 2 और वाई-फिल्म्स की बैंग बाजा बारात जैसी वेब श्रृंखला में लिखा है। उन्होंने विक्की कौशल की लव पर स्क्वायर फीट का सहलेखन भी किया।

वरुण बडोला : 'द स्ट्रेंजर इन मी' के साथ लेखन क्षेत्र में कदम रखा। एक छवी है पड़ोस में शो का निर्देशन और इसकी कहानी लिखी है। वह कुशल सिंगर और डांसर भी हैं।

सुखमनी सदाना : आर. माधवन और शाहरुख खान अभिनीत फिल्म रॉकेटरी के लिए लेखक की टीम का भी हिस्सा थी, और अमेजन मिनी टीवी पर उड़ान पटोलास ने सकारात्मक समीक्षा प्राप्त की। अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित और दिलजीत दोसांझ द्वारा अभिनीत नेटफ्लिक्स फिल्म जोगी है।

स्वप्निल जैन : आर्या सीजन 2 और क्रैश कोर्स जैसे वेब शोज में के लिए जाना जाता है। उन्होंने पॉकेट एफएम की ऑडियो सीरीज इंस्टा मिलियनेयर के साथ लेखक के रूप में पहचान बनाई है।

आयुध भानुशाली - सेट पर मुझे लोग प्रैंक्स्टर कहकर बुलाते हैं। मैं अपने सह-कलाकारों पर प्रैंक्स करने और हंसाने का कोई भी मौका नहीं गंवाता। मेरी मां अक्सर मेरी शरारतों से दुखी हो जाती हैं। मैं नेहा दीदी (नेहा जोशी) के बेहद करीब हूं, जो मेरी मां का किरदार निभा रही हैं। मेरे प्रैंक्स से वो चिड़चिड़ा जाती हैं। हाल ही में, हम गंभीर सीन की शूटिंग कर रहे थे, जैसे ही उन्होंने हमें सीन के बुलाया, मैंने उनकी साड़ी पर स्याही छिड़क दी। उस समय उनके चेहरे के जो भाव थे, वह मैं भी भूल नहीं सकता। वह इतना घबरा गई थी कि उन्होंने असिस्टेंट डायरेक्टर को बुलाया और उनसे साड़ी बदलवाने का अनुरोध किया लेकिन साड़ी की स्याही जल्दी ही उड़ गई।

कलाकारों के मजेदार प्रैंक्स

अप्रैल फूल्स डे या मूर्ख दिवस प्रैंक्स करने के लिए मशहूर है। यह रुटीन शेड्यूल को मजेदार बना देता है। मौज-मस्ती के इस मौके पर कलाकारों ने अपने सह-कलाकारों के साथ किए गए मजेदार प्रैंक्स से जुड़ी यादों को ताजा किया।

गजल सूद - हमारे सेट पर योगेश जी (दरोगा हप्पू सिंह) प्रैंकस्टर हैं। वह अपने मजेदार प्रैंक्स से हमेशा हमें हंसाते रहते हैं। लेकिन एक दिन, मैंने उन पर ही प्रैंक करने का फैसला किया और वह हमारे प्रैंक में फंस भी गए। शूटिंग के दौरान मैंने उनसे कहा, आपकी मूंछें थोड़ी टेढ़ी लग रही हैं। उन्होंने मेकअप आर्टिस्ट को बुला लिया। थोड़ी देर बाद मैंने उनसे फिर कहा, आपकी मूछें अभी भी थोड़ी टेढ़ी लग रही हैं। उन्होंने आईना मंगवाया और मेकअप आर्टिस्ट को मूंछें ठीक करने के लिए कहा। वह बार-बार अपनी मूंछों को ठीक कर रहे थे। पैक-अप के दौरान, मैंने बताया कि उनकी मूंछें बिल्कुल सही थी, मैं प्रैंक कर रही थी।

रोहिताश्व गौड़ - मैं अपने प्रियजनों के साथ मौज-मस्ती करने को कोई भी मौका हाथ से नहीं गंवाता। मुझे शुभांगी अत्रे अभिनीत अंगूरी भाबी का किरदार निभाना था। उनकी तरह साड़ी पहननी थी, मेकअप करना था और हेयर स्टाइल बनाने थे, जो सबसे ज्यादा जरूरी थे। मैंने मस्ती करने का फैसला किया। वे जब भी शुभांगी को सीन के लिए बुलाते थे, मैं कैमरे के सामने जाकर खड़ा हो जाता। उन्हें शुरुआत में लगा कि मैं गलती से ऐसा कर रहा हूं लेकिन मैंने बार-बार ऐसा किया और इससे वे चिढ़ गए। यह प्रैंक मैंने और शुभांगी ने मिलकर किया था।

नामिक पॉल- मैं सबसे बड़ा मसखरा हूं क्योंकि मैं अपने भाई-बहनों को परेशान करता था। मेरे स्कूल में भी टीचर हुआ करते थे, जो हमेशा मेरी मां से मेरे कारनामों की शिकायत करते थे। मुझे लगता है कि मसखरा हमेशा ही मसखरा होता है।

मानव गोहिल- एक बार मैंने अपने दोस्त को दूर के रेस्टोरेंट में किसी से मिलने के लिए भेजा था, जो पर वहां नहीं था। मुझे कभी बेवकूफ नहीं बनाया गया क्योंकि मैं हर समय बहुत चौकन्ना रहता हूं।

निमिश तनेजा - प्रैक्टिकल जोक्स करने का पूरा मजा लेता हूं क्योंकि यह मुझे क्रेजी होकर लोगों को हंसाने का मौका देता है। जब हम बच्चे थे, तब से मैंने अपने दोस्तों पर प्रैक्टिकल जोक्स किए हैं और आज तक हम उन प्यारे दिनों के बारे में बात करते हैं। यह सिर्फ मजाक है, और मुझे यह पसंद है।

जज बनकर आएंगी सोनाली

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन देसी डांस रियलिटी शो के ताजातरीन संस्करण के साथ 'इंडियाज बेस्ट डांसर' के तीसरे सीजन के लिए तैयार है। सीजन 3 सभी डांस लवर्स के लिए कुछ बेमिसाल पल लेकर आएगा। इस बार जजों के पैनल में टेरेंस लुइस और गीता कपूर के साथ बॉलीवुड की दिलकश अदाकारा सोनाली बेंद्रे भी होंगी। जजेस टेरेंस लुइस और गीता कपूर 'टेकनीक' और 'नएपन' के आधार पर कंटेस्टेंट्स को परखेंगे, वही सोनाली बेंद्रे उनमें 'एंटरटेनमेंट' और 'इमोशंस' की पड़ताल करेंगी। सोनाली ने कहा, डांसर को एक्शन में देखने की बात ही कुछ और है, उनकी कुशलता, उनके काम की सफाई, भावनाएं, कलाकारी, समर्पण, खुशी, उदासी, सफलता, असफलता, वे अपनी मूवमेंट में हर तरह की भावना दर्शाते हैं।

शोएब नए अवतार में

स्टार भारत में 'अजूनी' शो में अभिनेता शोएब इब्राहिम हैं। राजवीर (शोएब) और अजूनी (आयुषी खुराना) ने बग्गा परिवार का बेड़ा अपने कन्धों पर उठाया है। शोएब बिलकुल अलग नजर आ रहे हैं, उन्होंने सरदार का लुक लिया है, जो गॉगल लगाकर बहुत स्टाइलिश नजर आने वाले हैं। पग पहनी है और बिलकुल हटके अवतार में फनी चश्मा पहना है।

बेटी की पहली दोस्त होती है मां : कशिश

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की 'सपनों की छलांग' की नायिका राधिका (मेघा रे) बंधनों को तोड़ना चाहती हैं। राधिका की सपोर्ट सिस्टम हैं उनकी मां सुमन, जिनका किरदार कशिश दुग्गल निभाएंगी। कशिश ने कहा, मां के रूप में, मुझे भी फिक्र और कई आशंकाएं रहती हैं लेकिन विश्वास करना जरूरी है और मैं अपने बच्चे को उसके सपने पूरे करने का हर मौका देना चाहती हूं। मां अपनी बेटी की पहली दोस्त होती है और जैसे-जैसे बेटी बड़ी होती है, वो उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होती है। अगर वो ठोकर खाती है तो मां उसका सहारा बनने के लिए तैयार रहती है।

विदिशा उठा रही हैं ट्रिपल सेलीब्रेशन का आनंद

एण्डटीवी के शो 'भाबीजी घर पर हैं' की 'गोरी मेम' अनीता भाबी यानि विदिशा श्रीवास्तव से बात की, क्योंकि उन्हें भी इसमें अनीता भाबी का किरदार निभाते हुए एक साल पूरा हो गया है। उसने हुई बातचीत के अंशः मुझसे पहले दो अभिनेत्रियां इस किरदार को निभा चुकी थीं। अब मुझे बहुत अच्छा लग रहा है कि अनीता भाबी के रूप में मुझे अपनाया और तारीफ मिली है। सोशल मीडिया और फ्रेंड सर्कल में लोग मुझे मेरे किरदार के नाम से बुलाने लगे हैं। महाशिवरात्रि के दौरान अपने होमटाउन वाराणसी में थी। जिन गलियों में मेरा बचपन बीता, वहां के लोग लगातार पूछते रहे, अनीता भाबी कैसी हैं आप? मुझे लगता है कि किसी भी एक्टर के लिए यह सबसे बड़ी तारीफ है।

100 एपिसोड्स पूरे

जीटीवी के शो रब से है दुआ ने अपने 100 एपिसोड्स पूरे कर लिए। सेट पर केक्स, बलून्स और गुलदस्ते भेजकर प्यार जाहिर कर आभार जताया। अदिति बताती हैं, हमने 100 एपिसोड्स पूरे कर लिए। लगता है जैसे कल की ही बात हो। सेट पर हम सब परिवार की तरह हैं। उम्मीद है कि ऐसे और मुकाम हासिल कर सकें। करणवीर कहते हैं, मैं आभारी हूं। 100 एपिसोड्स की उपलब्धि पर मैं बेहद खुश हूं। उम्मीद है कि हमें प्यार मिलता रहेगा।

राधा, कृष्ण अवतार में ऐश्वर्या और रोहित

जीटीवी का शो 'भाग्य लक्ष्मी' में ऋषि और लक्ष्मी, राधा एवं कृष्ण के अवतार में चौंका देंगे। उनका यह लुक ड्रीम सीस के लिए है लेकिन वो लड़ रहे हैं। ऐश्वर्या बताती हैं, ऋषि और मैं, राधा और कृष्ण के लुक में आएंगे। मुझे खुशी है कि मुझे अलग-अलग लुक्स एवं स्टाइल्स के साथ प्रयोग करने का मौका मिलता है। ऋषि बताते हैं, मुझे याद है बचपन में मेरी मां हर जन्माष्टमी पर मुझे भगवान कृष्ण की तरह ड्रेस पहनाती थीं। हाथों में बांसुरी लिए, मुकुट पर मोर पंख सजाए।



मेकअप में 3 घंटे लगते थे : गर्विता



गर्विता साधवानी ने कहा, मैं हमेशा एक्सपेरिमेंट करना चाहती हूं। फायर सीक्वेंस की शूटिंग करने के बाद मैं काफी उत्साहित हूं। मैं कॉस्ट्यूम्स, मेकअप और प्रोस्थेटिक्स की बड़ी फैन हूं और मुझे अपना लुक बदलना भी बहुत अच्छा लगता है, क्योंकि इसमें मुझे अलग-अलग चीजों के साथ प्रयोग करने का मौका मिलता है। मुझे अपने चेहरे पर जले के निशान दिखाने थे और मेहनत रंग लाई। यह चैलेंजिंग रोल था। हर रोज मुझे प्रोस्थेटिक मेकअप लगाने और उतारने में 3 घंटे लगते थे।

निया के साथ ट्विस्ट

कलर्स पर प्रसारित हो रहा शो 'तेरे इश्क में घायल' में एक्टर और डांसर निया शर्मा एंट्री करने जा रही हैं। वह स्पेशल कैमियो करेंगी। निया ने कहा, दोस्तों गशमीर और रीम के साथ शूटिंग करके बेहद खुशी हुई। मुझे अपने नए म्यूजिक वीडियो 'दैय्या दैय्या' के बारे में बताने का भी मौका मिला। यह ऑफबीट और मजेदार गाना है, मुझे भरोसा है कि मैं लैंड्सडेल शहर के सबसे हॉट इंसान का चुनाव करने वाली प्रतियोगिता को जज करती नजर आऊंगी। मैं अनूठा ट्विस्ट लाती हूं।

रीना कपूर करेंगी चकित

स्टार भारत के शो 'आशाओं का सवेरा...धीरे धीरे' में अभिनेत्री रीना कपूर की कहानी महिलाओं पर केंद्रित है, विशेष रूप से विधवा महिलाओं के जीवन में आने वाली कठिनाइयों पर है, जो अपने पति के गुजर जाने के बाद अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष करती हैं। रीना बताती हैं, भावना के रूप में मेरा किरदार बहुत ही शांत, संवेदनशील और मृदुभाषी किरदार के रूप में शुरू हुआ था, जिसे अपने परिवार द्वारा लगाए गए पितृसत्तात्मक समाज के मानदंडों का पालन करना आवश्यक था। उसे परिवार से बाहर कर दिया गया क्योंकि वह विधवा थी, वह बदल गई और शक्तिशाली संदेश देते हुए खुद के लिए खड़े होने का फैसला किया।

3 साल बाद लौटीं रोज

जीटीवी के शो कुंडली भाग्य ने 20 साल का लीप लिया, जिसके बाद इसमें शक्ति आनंद, पारस कलनावत, सना सैयद और बसीर अली की एंट्री हुई। रोज सरदाना भी नजर आएंगी, जो पल्की की बहन माही खुराना का रोल निभाएंगी। रोज बताती हैं, मैं टेलीविजन पर 3 साल बाद वापसी करने को लेकर बेहद उत्साहित हूं।

वापसी कर रहे हैं जय

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के आगामी शो, 'हम रहें ना रहें हम' की कहानी दमयंती के इर्द-गिर्द घूमती है, जो राजघराने की मुखिया है और शाही जीवन शैली बनाए रखने के लिए लड़ती है। लेकिन उसका पहला बेटा शिवेंद्र शहर की लड़की से प्यार करता है। भानुशाली 11 साल के अंतराल के बाद डेली फिक्शन शो के साथ टेलीविजन पर वापसी करने जा रहे हैं। जय बड़े बेटे शिवेंद्र बारोट का रोल निभाने जा रहे है।

'डॉक्टर स्ट्रेंजर'

जिंग टीवी कोरिएन ड्रामा 'डॉक्टर स्ट्रेंजर' लेकर आ रहा है, जिसमे कलाकार ली जोंग-सुक, जिन से-योन, पार्क हाई -जिन, और कांग सो-रा है। 'डॉक्टर स्ट्रेंजर' न्यूरोसर्जन पार्क हून की

कहानी है, जिसे रहस्यमयी महिला सोंग जे ही से प्यार हो जाता है। हून ओह सू ह्यून की ओर आकर्षित पाता है, जो अस्पताल के निदेशक की बेटी है। 'डॉक्टर स्ट्रेंजर' आकर्षक ड्रामा है।

नए वित्त वर्ष में बदले

आयकर के नियम

नए वित्त वर्ष की शुरुआत हो चुकी है। नए वित्त वर्ष में बजट में घोषित कई नए प्रावधान लागू किए गए हैं। बजट में आयकर से जुड़े कुछ बदलाव किए जाने का ऐलान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किया था। वित्त वर्ष की शुरुआत के साथ ही आयकर से जुड़े कई बदलाव अब लागू हो चुके हैं। आइए जानने की कोशिश करते हैं कि जो बदलाव हुए हैं वह कौन से हैं और इन बदलावों का करदाताओं पर क्या असर पड़ेगा

कमाल अहमद रूमी
आर्थिक पत्रकार

वित्त वर्ष 2022-23 खत्म हो चुका है और वर्ष 2023-24 की शुरुआत अब हो चुकी है। नए वित्त वर्ष में आयकर से जुड़े नियमों में कुछ बदलाव किए गए हैं। इन बदलावों में जहां आयकर के नए और पुराने स्लैब को लेकर नई व्यवस्था लागू की गई है वहीं जीवन बीमा पालिसी में ज्यादा प्रीमियम देने वालों के लिए भी अब आयकर अदा करने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा डेट्स म्यूचुअल फंड पर लगने वाले टैक्स से जुड़े नियमों में भी कुछ बदलाव किए गए हैं। नए वित्त वर्ष में वरिष्ठ नागरिक बचत योजना में निवेश की सीमा में भी कुछ इजाफा किया गया है। आइए इन सभी के बारे में विस्तार से जानने की कोशिश करते हैं।

आयकर की नई व्यवस्था लागू

नए वित्त वर्ष में आयकर से जुड़ी नई व्यवस्था लागू हो गई है। नई व्यवस्था के तहत नई कर प्रणाली को आयकर विभाग के पोर्टल पर डिफाल्ट श्रेणी में अपडेट कर दिया गया है। इस पहले नई कर प्रणाली को डिफाल्ट की श्रेणी में नहीं रखा गया था और कर अदा करते समय अगर नई कर प्रणाली का विकल्प नहीं चुना जाता था तो आपका टैक्स पुरानी कर व्यवस्था के तहत ही जमा हो जाता था। हालांकि पुरानी कर व्यवस्था का इस्तेमाल अब भी किया जा सकेगा लेकिन पुरानी कर व्यवस्था अब वैकल्पिक होगी यानी अब पुरानी कर व्यवस्था का इस्तेमाल करने के इच्छुक लोगों को इसका चयन करना होगा। पहले नई कर व्यवस्था को वैकल्पिक की श्रेणी में यानी डिफाल्ट की श्रेणी में डाला गया था।

नई प्रणाली के तहत टैक्स स्लैब

आमदनी	टैक्स की दर
03 लाख तक	00%
03 से 06 लाख तक	05%
06 से 09 लाख तक	10%
09 से 12 लाख तक	15%
12 से 15 लाख तक	20%
15 लाख से अधिक	25%

साढ़े सात लाख तक की आय कर मुक्त

आयकर विभाक की नई कर प्रणाली में आयकर छूट का दायरा बढ़ा दिया गया है। अब नई व्यवस्था के तहत कर छूट के सभी टूल्स इस्तेमाल करते हुए सात लाख रुपए तक की आमदनी को कर मुक्त रखा गया है। हालांकि पहले कर मुक्त आय की सीमा सिर्फ पांच लाख रुपए ही तय की गई थी। नई कर व्यवस्था में तीन लाख रुपए तक की इनकम पूरी तरह कर मुक्त रखी गई है। तीन से छह लाख तक की आय पर पांच फीसद, छह से नौ लाख रुपए तक की आय पर 10 फीसद, नौ से बारह लाख रुपए तक की आय पर 15 फीसद, 12 से 15 लाख रुपए तक की आय पर 20 फीसद और 15 लाख से ज्यादा की आमदनी पर 25 फीसद तक टैक्स अदा करना होगा। इस तरह नई कर व्यवस्था में कुल छह स्लैब होंगे। जहां तक बात है पुरानी कर व्यवस्था की तो पुरानी कर व्यवस्था में ढाई लाख रुपए तक की आय कर मुक्त है। इसके अलावा ढाई से पांच लाख रुपए तक की आय पर पांच फीसद, पांच से साढ़े सात लाख रुपए तक की आय पर 20 फीसद और दस से 20 लाख रुपए या इससे ज्यादा की आय पर 30 फीसद टैक्स लगेगा। इस हिसाब से पुरानी कर व्यवस्था के मुकाबले अब नई कर व्यवस्था ज्यादा बेहतर नजर आ रही है।

सीनियर सिटीजन को भी फायदा

सीनियर सिटिजन्स सेविंग्स स्कीम (एससीएसएस) के तहत निवेश की अधिकतम सीमा 15 लाख रुपए से बढ़ाकर 30 लाख रुपए कर दी गई है। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिक अब मंथली इनकम स्कीम में भी अधिकतम 9 लाख रुपए निवेश कर सकेंगे। पहले यह निवेश साढ़े चार लाख रुपए किया जा सकता था। पति-पत्नी अगर संयुक्त रूप से इस योजना में निवेश करते हैं तो अधिकतम सीमा 15 लाख रुपए हो जाएगी

डेट म्यूचुअल फंड पर अब एसटीसीजी टैक्स

नए वित्त वर्ष में डेट म्यूचुअल फंड पर शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन्स (एसटीसीजी) के तौर पर टैक्स लगाया जाएगा। अब तक डेट फंड पर इंडेक्सेशन के साथ 20 फीसद टैक्स और बिना इंडेक्सेशन के 10 प्रतिशत टैक्स की व्यवस्था थी। यह बदलाव फाइनेंस बिल में कुछ संशोधन की वजह से हुए हैं। इस बदलाव से अब निवेशकों को दीर्घावधि का कर लाभ नहीं मिल पाएगा। हालांकि पिछले वित्त वर्ष में खरीदे गए डेट फंड्स पर पुरानी पद्धति से ही टैक्सेशन किया जाएगा।

जीवन बीमा भी टैक्स के दायरे में आया

अभी तक जीवन बीमा पालिसी को टैक्स बचाने के टूल्स के तौर पर समझा जाता था लेकिन अब जीवन बीमा पर भी टैक्स का प्रावधान कर दिया गया है। नई व्यवस्था के तहत अगर कोई व्यक्ति जीवन बीमा पालिसी पर सालाना पांच लाख रुपए से ज्यादा का प्रीमियम भरता है तो इससे ऊपर की राशि टैक्स के दायरे में आ जाएगी। समझा जाता है कि उच्च आय वर्ग के लोग टैक्स बचाने के लिए कई-कई जीवन बीमा पालिसी खरीद लेते थे जिससे सरकार को टैक्स का भारी नुकसान होता था। इसी परंपरा को तोड़ने के लिए सरकार ने अब जीवन बीमा पर पांच लाख रुपए से ज्यादा के प्रीमियम पर टैक्सेशन की व्यवस्था की है। ■



ईपीएफ पर मिल चुका है 12% ब्याज

ईपीएफओ ट्रस्टी बोर्ड ने ईपीएफ पर ब्याज दरों में 0.05 फीसद की बढ़ोतरी की है। लेकिन यह बढ़ोतरी काफी कम मानी जा रही है और उम्मीद की जा रही थी सरकार ब्याज दर साढ़े आठ फीसद तक ले जाएगी। हालांकि ईपीएफ पर पूर्व में 12 फीसद तक का ब्याज भी मिल चुका है

पीएफओ ने ईपीएफ खाते में जमा धनराशि के ब्याज में मामूली बढ़ोतरी का ऐलान किया है। यह बढ़ोतरी 'ऊंट के मुंह में जीरा' वाली कहावत जैसी ही है। अगर किसी कर्मचारी के ईपीएफ खाते में दस लाख रुपए की रकम जमा है तो सालाना ब्याज के रूप में उसे बहुत कम फायदा ही होने वाला है। ईपीएफओ ने पिछले दिनों अपने अंशधारकों के लिए ब्याज दरों में 0.05 फीसद वृद्धि का ऐलान किया है। इसका मतलब यह हुआ कि वित्त वर्ष 2022-23 के लिए अब 8.10 फीसद की जगह अंशधारकों को 8.15 फीसद का ब्याज मिलेगा।

ईपीएफ में अंशदान की क्या है व्यवस्था

ईपीएफओ के नियमों के तहत नियोक्ता द्वारा किसी भी कर्मचारी के बेसिक वेतन का 12 फीसद हिस्सा उसके ईपीएफ अकाउंट में जमा कराया जाता है। इसके अलावा जितना हिस्सा कर्मचारी का है उतना ही हिस्सा नियोक्ता द्वारा भी ईपीएफ खाते में जमा किया जाता है लेकिन यह पूरी 12 फीसद रकम ईपीएफ खाते में नहीं जाती बल्कि नियोक्ता के हिस्से की 3.67 फीसद रकम पीएफ में और 8.33 फीसद रकम पेंशन खाते में जमा होती है।

सबसे ज्यादा ब्याज कब मिला

ईपीएफ की शुरुआत 1952 में हुई थी तब सबसे कम तीन फीसद ब्याज मिलता था। धीरे-धीरे सरकार ने ब्याज की दरें बढ़ानी शुरू कीं और 1972 में ब्याज दर छह फीसद पर पहुंच गई। इसके बाद पहली बार ब्याज दर 1984 में दो अंकों यानी दस फीसद से ऊपर जा पहुंचीं। बाद में ब्याज दर अपने सर्वोच्च स्तर यानी 12 फीसद तक भी पहुंच गई थी लेकिन सन 2000 के बाद से इसमें कमी आनी शुरू हो गई और 2001 में यह साढ़े नौ फीसद रही। इसके बाद कई वर्षों तक यह साढ़े आठ फीसद के आसपास ही रखी जाती रही।

ईपीएफ पर भी टैक्स

फाइनेंस बिल में एक ऐसा प्रावधान जोड़ा गया है जिससे ईपीएफ में स्वैच्छिक रूप से ज्यादा योगदान करने पर टैक्स लगाया जाएगा। नए नियमों के तहत अगर कोई कर्मचारी अपने प्रोविडेंट फंड में एक वित्त वर्ष में 2.5 लाख रुपए से ज्यादा योगदान करता है तो 2.5 लाख रुपए के ऊपर जितना भी निवेश होगा, उस पर मिलने वाला ब्याज टैक्स के दायरे में आ जाएगा। आसान शब्दों में कहें तो किसी ने अगर पांच लाख रुपए का निवेश ईपीएफ में स्वैच्छिक रूप से कर दिया है तो ढाई लाख रुपए पर जितना भी ब्याज मिलेगा उसपर कर्मचारी के टैक्स स्लैब के हिसाब से टैक्स लगा दिया जाएगा। इस नियम में एक बात और जोड़ी गई है और वह यह है कि अगर कोई कर्मचारी ईपीएफ में सारा योगदान खुद ही करता है और उसके नियोक्ता द्वारा कोई योगदान नहीं किया जाता है तो ऐसे मामलों में यह लिमिट ढाई लाख के बजाए पांच लाख रुपए मानी जाएगी। *(बिजनेस डेस्क)*

कैसे होती है ब्याज की गणना

ब्याज की गणना के लिए निम्न पद्धति को अपनाया जाता है। अगर किसी कर्मचारी का मूल वेतन और महंगाई भत्ता मिलाकर 15 रुपए बनता है तो इसपर ब्याज की गणना इस तरह की जाएगी।

मूल वेतन + महंगाई भत्ता = ₹15 हजार
ईपीएफ में कर्मचारी का योगदान = ₹15 हजार का 12% = ₹1800
नियोक्ता का ईपीएफ में योगदान = ₹15 हजार का 3.67% = ₹550
नियोक्ता का ईपीएस में योगदान = ₹15 हजार का 8.33% = ₹1249
ईपीएफ खाते में मासिक योगदान = ₹1800+₹550 = ₹2350

- यह 2350 रुपए की धनराशि हर महीने ईपीएफ खाते में जमा होगी
- 8.10% की सालाना ब्याज दर के मुताबिक ब्याज मिलेगा
- ब्याज की गणना मासिक आधार पर की जाती है
- लेकिन ब्याज की रकम वित्त वर्ष के अंत में खाते में क्रेडिट होती है
- इससे अंशधारक को कंपाउंडिंग का लाभ भी मिल जाता है



ईपीएफ पर ब्याज दरें

साल	ब्याज दर
1952-66	03.00% से 04.75%
1967-75	05.00% से 07.00%
1976-83	07.00% से 08.75%
1984-89	09.25% से 11.80%
1990-99	11.00% से 12.00%
2000-01	11.00% से 11.00%
2001-05	09.00% से 09.50%
2006-10	08.50% से 09.50%
2011-21	08.25% से 08.50%
2021-22	08.10% से 08.10%
2022-23	08.10% से 08.15%

अपने कर्मचारियों का खुद बीमा कर सकेंगी कंपनियां

सरकार निजी क्षेत्र की कंपनियों को खुद की बीमा कंपनी बनाने का लाइसेंस देने की योजना पर काम कर रही है। यदि सरकार का यह प्रस्ताव अमल में आता है तो निजी कंपनियां अपने कर्मचारियों का सामूहिक बीमा खुद करने में सक्षम होंगी। इससे इन कंपनियों को कई तरह के फायदे तो होंगे ही, साथ ही कर्मचारियों को भी कम प्रीमियम में ज्यादा जोखिम कवर मिलने की राह आसान हो जाएगी

सम्बंधित कम्पनी द्वारा अपनी खुद की कैप्टिव इंश्योरेंस फर्म बनाने के लिए कम्पनी में एक कैप्टिव इंश्योरेंस मैनेजर की नियुक्ति की जाएगी। कैप्टिव इंश्योरेंस

ज्यादा कर्मचारियों की जरूरत नहीं

कैप्टिव इंश्योरेंस के लिए लाइसेंस लेने की इच्छुक कंपनियों को ज्यादा कर्मचारियों की जरूरत नहीं होगी बस कुछ गिने चुने लेकिन अनुभवी कर्मचारी से ही उनका काम चल सकता है। इसके लिए कंपनियां बीमा कंपनियों के रिटायर्ड कर्मचारियों की सेवाएं भी ले सकती हैं।

अपूर्व कुमार दत्त
बीमा विशेषज्ञ

बीमा नियामक इरडा और भारत सरकार द्वारा आजादी के स्वर्णिम वर्ष 2047 तक सभी नागरिकों को बीमा का लाभ दिलाने के उद्देश्य से पूर्ण संवेदनशीलता के साथ अनेकों उपाय लागू किए जा रहे हैं। इसी के तहत बीमा सुगम एक प्लेटफार्म बनाया गया है जहां हर प्रकार के बीमा की सहूलियतें एक ही जगह प्राप्त हो सकेंगी। इसी तरह बीमा वाहक प्रत्येक पंचायत में बीमा की उपलब्धा सुनिश्चित करेंगे। देश में लगभग ढाई लाख पंचायतें हैं और यदि प्रत्येक पंचायत में दस बीमा वाहक की भी नियुक्ति होती तो आप कल्पना कर सकते हैं कि इससे कितने रोजगारों का सृजन भी होगा। इसी कड़ी में समूह स्वास्थ्य बीमा के लाभार्थी को व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा में पोर्टिंग की सुविधा भी दी गई है। स्वास्थ्य बीमा में 'वैलनेस राइडर' को भी शामिल किया गया है। साथ ही बीमाधारकों को 'डीमैटेराइलाईजेशन' की सुविधा भी अब मिलने लगी है। कहने का तात्पर्य यह है इरडा द्वारा सभी को बीमा सुलभ कराने के लिए सभी उपाय किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब कैप्टिव बीमा शुरू करने की योजना पर विचार चल रहा है।

क्या है कैप्टिव बीमा

दरअसल जब भी आप बीमा क्रय करते हैं तो वह किसी न किसी बीमा कंपनी के जरिए ही खरीदा जाता है। किन्तु कैप्टिव बीमा में किसी भी कंपनी या औद्योगिक घरानों को बतौर कैप्टिव इंश्योरेंस फर्म बनाने की अनुमति दी जाती है। फिलहाल इस योजना को मूर्त रूप दिये जाने की कवायद चल रही है। कैप्टिव इंश्योरेंस के तहत छोटी-छोटी कंपनियों को भी बीमा का लाइसेंस दिये जाने का प्रस्ताव है। इसके अलावा इन कंपनियों को लाइसेंस देने के लिए पूंजी निवेश की सीमा को भी कम करने का प्रस्ताव विचाराधीन है। साथ ही इन कंपनियों या उद्योग घरानों को कम्पोजिट लाइसेंस भी प्रदान करने पर विचार किया जा रहा है। इससे किसी भी क्षेत्र की कंपनी को जीवन बीमा के साथ-साथ सामान्य बीमा पालिसी बेचने की अनुमति मिल जाएगी। फिलहाल इससे जुड़े प्रस्ताव को सदन की मंजूरी के लिए संसद में पेश करने की तैयारी चल रही है।

कैसे बनती है कैप्टिव इंश्योरेंस फर्म

निजी उद्योगों में अपने कर्मचारियों का बीमा किसी अन्य बीमा कम्पनी से खरीदने की जगह, मैनेजर का सामंजस्य कर्मचारियों के साथ-साथ प्रबंधन से भी बेहतरीन होना चाहिए। इसके अतिरिक्त एक स्थानीय वकील की नियुक्ति की भी जरूरत होगी ताकि वैधानिक कागजातों को बीमा नियमानुसार तैयार किया जा सके। कैप्टिव इंश्योरेंस मैनेजर द्वारा प्रबंधन की देख-रेख में कर्मचारियों के समूह जिनको कि बीमा कवर प्रदान किया जाना है, उनकी जरूरतों के अनुसार दस्तावेज तैयार करके बीमा नियामक से आवश्यक अनुमति प्राप्त करना होता है।

कैप्टिव इंश्योरेंस फर्म के फायदे

कैप्टिव इंश्योरेंस फर्म का सबसे बड़ा फायदा सम्बंधित कम्पनी को आर्थिक बचत के तौर होगा। आप इसे ऐसे समझ सकते हैं कि आपकी कोई अपनी कम्पनी है, आप बतौर नियोजक अपने कर्मचारियों को बीमा का कवर प्रदान करना चाहते हैं, यदि उन कर्मचारियों का समूह बनाकर किसी अन्य बीमा कम्पनी से बीमा क्रय करते हैं तो प्रीमियम का भुगतान थर्ड पार्टी को करना होगा। इसके इतर, यदि आपने अपनी खुद की कम्पनी के कर्मचारियों के लिए कैप्टिव इंश्योरेंस फर्म का लाइसेंस प्राप्त कर लिया तो फिर पैसा अपनी ही कम्पनी में रख सकेंगे। इस पैसे को निवेश करके आप उससे और पैसा बना सकते हैं। इसके अलावा आपकी कंपनी की परिचालन लागत में भी कमी आएगी। कम्पनी के अपने इंश्योरेंस पूल में पैसा रहने से, कम प्रीमियम पर अधिक धनराशि का बीमा कवर प्रदान करने में भी आसानी होगी। इसके अलावा दावा निस्तारण में भी अधिक समय नहीं लगेगा।

बीमा कवर का दायरा बढ़ेगा

वर्ष 2022-2023 के आर्थिक सर्वे के अनुसार, 2021 में देश में जीवन बीमा का दायरा बढ़कर 4.2 प्रतिशत पर पहुंच गया था। एक वर्ष पहले के मुकाबले यह करीब समान था। उससे पहले वर्ष 2000 के मुकाबले यह करीब दोगुना हो गया है। सर्वे के माध्यम से यह भी अवगत कराया गया था की भारत में ज्यादातर बीमाधारक सुरक्षा आधारित पालिसी के बजाए बचत आधारित उत्पाद खरीदने में ज्यादा भरोसा करते हैं। कम जागरूकता और बीमा उद्योग के एक एक वर्ग की ओर से गलत विक्री के कारण अधिकांश बीमाधारक मनी बैक पालिसी का ही चयन करते हैं ताकि जरूरत पड़ने पर कुछ पैसा मिलता रहे। मनी बैक के अतिरिक्त इंडोमेंट प्लान व यूनिट लिंक्ड जीवन बीमा योजनाएं भी बाजार में उपलब्ध हैं। किन्तु इन सभी का बीमा योजनाओं का विक्रय एजेंटों के या वेब एगरेगेटर के माध्यम से किया जाता है अतः इसके प्रीमियम में उनका कमीशन भी जुड़ा रहता है।

अगर कंपनी अपने कर्मचारियों को खुद की कंपनी की पालिसी बेचेगी तो एजेंट या बीमा सलाहकार का कमीशन बचाकर अपने कर्मचारियों को कम प्रीमियम में बेहतर कवर मुहैया करा सकती है। ■

आईपीएल : भानुका और धवन ने दूसरे विकेट के लिए जोड़े 86 रन

पंजाब ने कोलकाता को सात रन से हराया, चमके राजपक्षे और अर्शदीप

एजेंसी ▶▶ मोहाली

पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के बारिश से प्रभावित मैच में शनिवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को डकवर्थ लुईस पद्धति से सात रन से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भानुका राजपक्षे और कप्तान शिखर धवन ने दूसरे विकेट के लिए 86 रन जोड़कर अच्छा मंच सजाया। केकेआर के गेंदबाजों ने इसके बाद रनों पर थोड़ा अंकुश लगाया लेकिन इसके बावजूद पंजाब की टीम पांच विकेट पर 191 रन बनाने में सफल रही। केकेआर ने इसके जवाब में 16 ओवर में सात विकेट पर 146 रन बनाए थे कि तभी बारिश आ गई इसके कारण आगे खेल नहीं हो पाया। केकेआर की तरफ से आंद्रे रसेल ने 35 और 'इंपैक्ट प्लेयर' वेंकटेश अय्यर ने 34 रन बनाए। पंजाब के लिए प्लेयर ऑफ द मैच बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप ने तीन ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। फ्लड लाइट खराब होने से केकेआर की पारी आधा घंटा देरी से शुरू हुई।

टी20 में 100 विकेट का टशन अर्शदीप ने दिखाई दादागिरी

पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेले गए आईपीएल 2023 के दूसरे मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अपने पहले ओवर में ही केकेआर टीम को डबल झटका दिया। इस दौरान विकेट लेने के बाद अर्शदीप सिंह बल्लेबाज को घूरते हुए कैमरे में कैद हुए, जिसकी तस्वीरें तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। बता दें कि अर्शदीप सिंह आईपीएल 2023 के दूसरे मुकाबले में केकेआर के खिलाफ तीन विकेट लेते ही अपने 100वां टी-20 विकेट पूरा कर लिया। अर्शदीप सिंह ने टी-20 क्रिकेट में अब तक 78 मैच खेलते हुए कुल 100 विकेट चटका लिए हैं।दरअसल, केकेआर टीम की पारी के दूसरे ओवर में पंजाब किंग्स के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अपने ओवर की पहली गेंद पर मंदीप सिंह को एक बाउंसर गेंद डाली, लेकिन इस गेंद को सैम करन ने लपक लिया और मंदीप महज 2 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद इसी ओवर की आखिरी ओवर में रॉय को सिंकदर रजा के हाथों में कैच आउट कराया। अनुकूल रॉय को आउट कर अर्शदीप सिंह उन्हें घूरते हुए नजर आए। उनकी ये तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है।

पंजाब के नाम रहा पावरप्ले

पहली पारी का पावर प्ले पंजाब के नाम रहा। टीम को ओपनर प्रभसिमरन सिंह ने तोबड़तोड़ शुरुआत दिलाई। उन्होंने 12 बॉल पर 191.67 के स्ट्राइक रेट से 23 रनों की पारी खेली। बाद में कप्तान धवन और भानुका राजपक्षे ने अच्छे हाथ जमाए। प्रभसिमरन को टिम साउदी ने विकेटकीपर गुरबाज के हाथों कैच कराया। इससे पहले प्रभसिमरन ने साउदी की 5 बॉलों पर 14 रन बनाए।

स्कोर बोर्ड

पंजाब किंग्स	रन	गेंद	4	6
सिंह का गुरबाज बो साउदी	23	12	2	2
धवन बो वरुण चक्रवर्ती	40	29	6	0
राजपक्षे का रिंकू बो उमेश	50	32	5	2
जितेश का यादव बो साउदी	21	11	1	2
रजा का सुयश बो नारायण	16	13	1	1
सैम करन नाबाद	26	17	0	2
शाहरुख खान नाबाद	11	07	2	0

अतिरिक्त : 04, कुल : 20 ओवर में 19/5

गेंदबाजी : उमेश 4-0-27-1, साउदी 4-0-54-2, नारायण 4-0-40-1, चक्रवर्ती 4-0-26-1, शार्दुल 4-0-43-0

कोलकाता नाइट राइडर्स	रन	गेंद	4	6
मनदीप का कुरैन बो अर्शदीप	02	04	0	0
गुरबाज बो नाथन एलिस	22	16	3	1
रॉय का रजा बो अर्शदीप	04	05	1	0
वेंकटेश का चहर बो अर्शदीप	34	28	3	1
राणा का चहर बो रजा	24	17	3	1
रिंकू का रजा बो चहर	04	04	0	0
रसेल का रजा बो कुरैन	35	19	3	2
शार्दुल ठाकुर नाबाद	08	03	0	1
सुनील नारायण नाबाद	07	02	0	1

अतिरिक्त : 06, कुल : 16 ओवर में 146/7

गेंदबाजी : कुरैन 3-0-38-1, अर्शदीप 3-0-19-3, एलिस 3-0-27-1, रजा 3-0-25-1, अथर्व धवन 1-0-15-0, चहर 2-0-12-1, चहर 1-0-7-0.

वुड के तूफान से लखनऊ ने दिल्ली को 50 रन से हराया



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लखनऊ सुपर जायंट्स ने काइल मेयर्स (73 रन) के अर्धशतक के बाद मार्क वुड (14 रन देकर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी से शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में दिल्ली कैपिटल्स पर 50 रन की बड़ी जीत से अपना अभियान शुरु किया। लखनऊ सुपर जायंट्स ने इस तरह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत की हैट्रिक भी लगाई। लखनऊ सुपर जायंट्स से धीमी शुरुआत से उबरते हुए छह विकेट पर 193 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। कप्तान डेविड वॉर्नर की 56 रन (सात चौके) की जुझारू पारी भी दिल्ली कैपिटल्स को हार से नहीं बचा सकी। वुड के साथ रवि बिश्नोई के झटकों से दिल्ली कैपिटल्स निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 143 रन ही बना सकी।

स्कोर बोर्ड

लखनऊ सुपर जायंट्स	रन	गेंद	4	6
राहुल का अक्षर बो सकारिया	08	12	0	1
काइल मेयर्स बो अक्षर पटेल	73	38	2	7
हुड्डा का वार्नर बो कुलदीप	17	18	0	0
कृणाल पंड्या नाबाद	15	13	0	1
स्टोइनिस का खान बो खलील	12	10	0	1
पूरन का पृथ्वी बो खलील	36	21	2	3
बदोनी का खान बो सकारिया	18	07	1	2
कृष्णप्पा गौतम नाबाद	06	01	0	1

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 193/6

गेंदबाजी : खलील 4-0-30-2, मुकेश 4-0-34-0, सकारिया 4-0-53-2, अक्षर 4-0-38-1, कुलदीप 4-0-35-1.

दिल्ली कैपिटल्स	रन	गेंद	4	6
पृथ्वी शाह बो वुड	12	09	2	0
वॉर्नर का कृष्णप्पा बो आवेश	56	48	7	0
मिचेल मार्श बो वुड	00	01	0	0
सरफराज का कृष्णप्पा बो वुड	04	09	1	0
रुसो का मेयर्स बो रवि बिश्नोई	30	20	3	1
पोवेल पगबाधा बो रवि बिश्नोई	01	03	0	0
अमन का पूरन बो आवेश	04	05	0	0
अक्षर का उस्मान बो वुड	16	11	1	1
कुलदीप यादव नाबाद	06	10	0	0
सकारिया का कृष्णप्पा बो वुड	04	04	1	0
मुकेश कुमार नाबाद	00	01	0	0

अतिरिक्त : 10, कुल : 20 ओवर में 143/10

गेंदबाजी : मेयर्स 1-0-7-0, उनादकट 3-0-39-0, गौतम 4-0-23-0, आवेश 4-0-29-2, मार्क वुड 4-0-14-5, बिश्नोई 4-0-31-2.

खबर संक्षेप

हॉकी इंडिया बांटेगा 11 हजार हॉकी स्टिक

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने भारत में खेल के विकास को बढ़ावा देने के लिए अपनी राज्य सदस्य इकाइयों और हॉकी अकादमियों को 11,000 से अधिक हॉकी स्टिक, 3,300 हॉकी बॉल और अन्य महत्वपूर्ण खेल सुरक्षा उपकरण वितरित करने की घोषणा की है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, 'हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश में महत्वाकांक्षी हॉकी खिलाड़ियों को उनके करियर के शुरुआती दौर में उचित उपकरण मिले।'

मैनी ने पहली बार हासिल किया पोडियम स्थान

मेलबर्न। भारतीय ड्राइवर कुश मैनी ने कैम्पोस रेसिंग के लिए भाग लेते हुए शनिवार को यहां बारिश से प्रभावित फॉर्मूला 2 रेस में तीसरे स्थान पर रहकर पहली बार पोडियम स्थान हासिल किया। उन्हें 'डैम्स' के आर्थर लेकलर्क से कड़ी चुनौती मिली लेकिन भारतीय ड्राइवर से उनकी और बारिश की परेशानियों से उबरते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रिड पर मैनी ने पी3 से शुरुआत की और कई लैप तक अपने स्थान पर बने रहे जबकि लेकलर्क ने कई बार उन पर दबाव बनाया और उन्हें पछाड़ा लेकिन भारतीय ड्राइवर ने अच्छी वापसी की।

सिनेर ने नंबर-1 अल्कारेज को हराया

मियामी गार्डन्स। दसवीं वरीयता प्राप्त इटली के जानिक सिनेर ने मियामी ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त गत चैंपियन कार्लोस अल्कारेज को 6-7, 6-4, 6-2 से हरा दिया। सिनेर ने इसके साथ ही अल्कारेज के दस मैचों के विजय अभियान पर रोक लगाई। अब अल्कारेज शीर्ष रैंकिंग भी नोवाक जोकोविच को गंवा देंगे। पिछले साल भी मियामी ओपन के फाइनल में पहुंचे सिनेर का सामना अब रूस के दानिल मेदवेदेव से होगा। मेदवेदेव ने अब तक इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खेले पांचों मैच जीते हैं।

मैड्रिड मास्टर्स : सिंधू ने इस साल पहली बार फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू ने मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शनिवार को यहां सिंगापुर की येओ जिया मिन को सीधे गेम में हराकर साल में पहली बार किसी प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधू ने अपने से कम रैंकिंग वाली सिंगापुर के खिलाड़ी को महिला एकल के सेमीफाइनल में 24-22, 22-20 से हराया। इस जीत से मिन के खिलाफ उनका रिकॉर्ड 4-0 हो गया है।

पहले गेम में सिंधू एक समय 15-20 से पीछे चल रही थी लेकिन उन्होंने गजब का जुझारुपन दिखाया और सात गेम प्वाइंट बचाकर पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में सिंधू शुरू में 1-4 से पीछे चल रही थी लेकिन इसके बाद उन्होंने अच्छी वापसी की और इंटरवल तक वह 11-6 से आगे थी। विश्व में 33वें नंबर की मिन ने इसके बाद वापसी की और स्कोर 17-17 से बराबर कर दिया। सिंधू के पास इसके बाद दो मैच प्वाइंट थे लेकिन मिन ने उन दोनों को ही बचा दिया। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी को जब तीसरा मैच प्वाइंट मिला तो उन्होंने उस पर जीत दर्ज करने में कोई गलती नहीं की। फाइनल में वह स्थानीय खिलाड़ी और शीर्ष वरीयता प्राप्त कैरोलिना मारिन और इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया तुनजुंग के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले की विजेता से भिड़ेंगी।

रोहित और आर्चर दोनों फिट : बाउचर

बेंगलुरु। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने पुष्टि की कि कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के अपने शुरुआती मैच में खेलने के लिए फिट हैं। अटकलें लगाई जा रही थीं कि रोहित टीम के शुरुआती मैच के लिए उपलब्ध नहीं हों क्योंकि वह अहमदाबाद में कप्तानों के 'फोटो शूट' में मौजूद नहीं थे। लेकिन बाउचर ने सभी अटकलों को खारिज कर दिया। बाउचर ने शनिवार को मैच पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'हां, रोहित फिट हैं। उन्होंने पिछले दो दिन ट्रेनिंग की है और वह खेलने के लिए शत प्रतिशत फिट हैं। उन्हें उस सुबह अच्छा महसूस नहीं हो रहा था और एहतियात के तौर पर हमने उन्हें घर पर रहने को कहा था।' जोफ्रा कल के मैच के लिए शत प्रतिशत तैयार है। उसने ट्रेनिंग नहीं की, यह वैकल्पिक ट्रेनिंग सत्र था।

मनीषी ने इंडियन मास्टर्स में जीता रजत पदक...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गोवा में 19 से 26 मार्च तक आयोजित योनेक्स सनराइस 45वें इंडियन मास्टर्स राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में मनीषी सिंह ने रजत पदक जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया। मास्टर्स कैटेगरी में महिला सिंगल्स में मनीषी और हिमानी पुनिया (राजस्थान) के बीच फाइनल मुकाबला हुआ, जिसमें मनीषी को हार का सामना करना पड़ा। उनका चयन भारतीय टीम में उनके शानदार खेल के दम पर हुआ है। मनीषी सिंह अब भारत की ओर से दक्षिण कोरिया के सिओल में भाग लेंगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल में कार्यरत मनीषी सिंह को माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से बधाई एवं आने वाले प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी गई।

केरल ब्लास्टर्स पर लगा चार करोड़ का जुर्माना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ की अनुशासनात्मक समिति ने तीन मार्च को बेंगलुरु एफसी के विरुद्ध इंडियन सुपर लीग का प्लेऑफ मुकाबला बीच में छोड़ने के लिए केरल ब्लास्टर्स एफसी पर चार करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। एआईएफएफ ने शुक्रवार देर रात एक विज्ञप्ति जारी करके इसकी जानकारी दी। गौरतलब है कि बेंगलुरु के कांतीरवा स्टेडियम पर तीन मार्च को आयोजित मुकाबले में सुनील छेत्री ने एक फ्रीकिक पर बीएफसी के लिए गोल किया था, जिसपर ऐतराज जताने के बाद ब्लास्टर्स की टीम मैदान छोड़कर चली गई। ब्लास्टर्स का कहना था कि वे छेत्री की फ्रीकिक के लिए तैयार नहीं हो सके थे।

मुकुंद-विष्णु वर्धन ने तीन सेट में जीता मैसुरु ओपन युगल खिताब

एजेंसी ▶▶ मैसुरु

भारत के मुकुंद शशिकुमार और विष्णु वर्धन ने शनिवार को यहां हमवतन बी रित्विक चौधरी और निक्की पूनाचा की शीर्ष वरीय जोड़ी के खिलाफ शानदार जीत से आईटीएफ मैसुरु ओपन का युगल खिताब अपने नाम किया।

मुकुंद-विष्णु की जोड़ी ने एक घंटे 10 मिनट तक चले मुकाबले में चौधरी और पूनाचा की जोड़ी को 6-3, 6-4 से शिकस्त दी। मैच के दौरान मुकुंद-विष्णु की जोड़ी ने सात ब्रेक प्वाइंट बचाये और दो मौकों को अंक में तब्दील कर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले मुकुंद-विष्णु की जोड़ी ने आस्ट्रेलिया के ब्लेक एलिस और यूक्रेन के व्लादिस्लाव ओरलोव की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी पर 6-4, 7-5 की उलटफेर भरी जीत से युगल के फाइनल में जगह बनायी थी। एकल वर्ग में भारतीय चुनौती एस डी प्रज्वल देव के सेमीफाइनल में हारने से समाप्त हो गयी थी।

आईपीएल के बाद एशेज खेलने जाएंगे आर्चर

लंदन। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर आईपीएल में खेलते हुए ही एशेज की तैयारी करते रहेंगे और आईपीएल के बाद सीधे आस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज श्रृंखला खेलने जाएंगे। उनके काउंटी क्लब ससेक्स के कोच ने यह जानकारी दी। ससेक्स के मुख्य कोच पॉल फारब्रास ने कहा कि आर्चर जून में होने वाली एशेज श्रृंखला से पहले लाल गेंद का क्रिकेट नहीं खेल सकेंगे। पहला एशेज टेस्ट 16 जून से एडबस्टन में शुरू होगा।

चेन्नई सुपर किंग्स की पारी के दौरान 13वें ओवर में लगी चोट

विलियमसन आईपीएल से बाहर, गुजरात को लगा झटका

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

इंडियन प्रीमियर लीग 2023 सीजन में हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली गुजरात टाइटन्स को एक बड़ा झटका लगा है। घुटने की चोट के कारण न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन पूरे सीजन से ही बाहर हो गए हैं। सीजन के पहले मुकाबले में गुजरात टाइटन्स ने चेन्नई सुपर किंग्स 5 विकेट से शिकस्त दी। इसी मैच में केन विलियमसन चोटिल हुए और टूर्नामेंट से ही बाहर हो गए। बता दें कि गुजरात फ्रेंचाइजी ने विलियमसन को 2023 मिनी ऑक्शन में 2 करोड़ रुपए की बोली लगाकर खरीदा था।

यह घटना मैच में चेन्नई सुपर किंग्स की पारी के दौरान 13वें ओवर में हुई थी। इस ओवर में ओपनर ऋतुराज गायकवाड़ ने हवाई शॉट खेला था, जिस पर विलियमसन ने कैच लेने की कोशिश की। बाउंड्री पर हवा में छलांग लगाने के बावजूद विलियमसन कैच तो नहीं ले पाए, लेकिन टीम के लिए कुछ रन जरूर बचा दिए। मगर इसी दौरान विलियमसन अपना घुटना चोटिल करवा बैठे। उन्हें तुरंत ही मैदान से बाहर ले जाया गया। तब उनकी जगह बतौर इम्पैक्ट प्लेयर साई सुदर्शन को मैच में उतारा गया था। सुदर्शन ने बतौर इम्पैक्ट प्लेयर बल्लेबाजी भी की। अब इसी चोट के चलते विलियमसन टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

गायकवाड़ के छक्के टाइमिंग की देन

अहमदाबाद। भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले चेन्नई सुपर किंग्स के सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ के छक्के जड़ने की क्षमता से काफी प्रभावित हैं और उन्होंने कहा कि यह इस बल्लेबाज की जबर्दस्त टाइमिंग की देन है। गायकवाड़ ने 50 गेंद में चार चौकों और नौ छक्कों की मदद से 92 रन बनाए हालांकि शुभमन गिल के 36 गेंद में 63 रन की मदद से गुजरात टाइटंस ने मैच जीता।कुंबले ने कहा, 'एक पारी में नौ छक्के लगाना अद्भुत है। उसके छक्के भी बेदाग थे। ऐसा नहीं है कि उसने बहुत जोर लगाने की कोशिश की। उसके छक्के जबर्दस्त टाइमिंग का नतीजा थे।'

गर्भावस्था में इन चीजों के सेवन से पैदा होगा हेल्दी बच्चा, मां की सेहत को भी मिलेगा लाभ

गर्भवती महिला को स्वस्थ बच्चे के जन्म के लिए भी अपने स्वास्थ्य पर विशेष तौर पर ध्यान देना चाहिए। इस दौरान महिलाओं को अपने खानपान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। गर्भवती महिला अच्छे खानपान से स्वस्थ और सेहतमंद होती है। खानपान का सीधा असर बच्चे के स्वास्थ्य पर पड़ता है। प्रसव के दौरान होने वाली दिक्कतों से बचाव खानपान से ही किया जा सकता है। प्रेग्नेंसी के दौरान महिला जो भी खाती है उसका सीधा असर अजन्मे बच्चे पर पड़ता है। यदि बच्चे को मां के गर्भ में भरपूर पोषण मिलता है तो होने वाले बच्चे का दिमाग तेज होने के साथ ही स्वस्थ बच्चे का जन्म होता है। आइए जानते हैं कि प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं और बच्चों के लिए किस तरह का फूड बेस्ट होता है। जैसा कि आप सभी जानते हैं कि हरी सब्जियों में सारे पोषक तत्व होते हैं। जिनमें से हरी सब्जी के तौर पर पालक का सेवन काफी फायदेमंद होता है। बता दें कि पालक में फाइबर, प्रोटीन, विटामिन्स और मिनरल्स पाए जाते हैं। पालक का सेवन बच्चे के विकास और बेहतर स्वास्थ्य के लिए काफी आवश्यक होता है। इसलिए प्रेग्नेंट महिलाओं को पालक का सेवन जरूर करना चाहिए। इसके सेवन से अजन्मे बच्चे का स्वास्थ्य और दिमाग तेज होता है। अंडा भी पोषण से भरपूर होता है। अंडे में प्रोटीन के साथ ही मिनरल्स और विटामिन भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। अंडे में विटामिन डी की अधिक मात्रा पाई जाती है। अजन्मे बच्चे के दिमाग के विकास के लिए विटामिन डी महत्वपूर्ण है। इसलिए प्रेग्नेंट महिलाओं को अंडे का सेवन करना चाहिए। बादाम में पाए जाने वाले काफी सारे पोषक तत्व गर्भवती महिलाओं के लिए काफी लाभकारी होता है। बादाम खाने से महिला के गर्भ में पल रहे बच्चे का दिमाग तेज होता है। क्योंकि बादाम में काफी सारे न्यूट्रिएंट्स मिलते हैं। इसलिए गर्भावस्था के दौरान प्रेग्नेंट महिलाओं को बादाम का सेवन करना चाहिए। फल सेहत के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। ताजे फलों से विटामिन प्राप्त होता है। प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को केला, संतरा, आम, अंगूर और सेव आदि का सेवन करना लाभकारी होता है।

सूडान में धंसी सोने की खदान, 14 लोगों की मौत

खार्तूम, (एजेंसी)। उत्तरी सूडान में एक सोने की खान ढहने से कम से कम चौदह लोगों की मौत हो गयी और 20 से अधिक अन्य घायल हो गए। सूडान की मिनरल रिसोर्सेज कंपनी ने (एसएमआरसी) ने यह जानकारी दी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि कंपनी के महानिदेशक, उत्तरी राज्य में कंपनी के कार्यालय के प्रमुख और कर्मचारी वादी हलाफा शहर के दक्षिण में 70 किलोमीटर दूरी पर स्थित अकाशा के पास एक सोने की खदान के ढह जाने की दुखद घटना का शोक मना रहे हैं। इस दुर्घटना में 14 श्रमिकों की मौत हो गई थी। कंपनी ने कहा कि दुर्घटना में 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

विश्व बैंक से यूक्रेन के लिए 15.6 अरब डॉलर मंजूर

वाशिंगटन, (एजेंसी)। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के कार्यकारी बोर्ड ने शुक्रवार को कहा कि उसने यूक्रेन को 48 महीने के लिए 15.6 अरब डॉलर की नए वित्त पोषण व्यवस्था को मंजूरी दे दी है। आईएमएफ ने एक विज्ञप्ति में कहा कि आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने शनिवार को विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) के तहत एसडीआर 11.6 अरब (कोटा का 577 प्रतिशत या लगभग 15.6 अरब अमेरिकी डॉलर) की राशि के साथ 48 महीने की विस्तारित व्यवस्था को मंजूरी दी है। नई व्यवस्था यूक्रेन के लिए कुल 115 अरब डॉलर के समर्थन पैकेज का हिस्सा है।

नार्वे में हिमस्खलन ने ले ली तीन लोगों की जान

मरमंस्क, (एजेंसी)। यूरोपीय देश नॉर्वे के उत्तरी हिस्से में विभिन्न स्थानों पर हुए हिमस्खलन की चपेट में आकर तीन लोगों की मौत हो गई है जिसमें विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं। नार्वे के ब्रॉडकास्टर एनआरके ने पुलिस के हवाले से एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। एनआरके की शुक्रवार को आई रिपोर्ट के अनुसार रिनोया द्वीप में हुए हिमस्खलन में दो लोगों की मौत हुई जबकि ट्रॉमसो में एक अन्य हिमस्खलन हुआ जिसमें पांच विदेशी पर्यटकों के समूह में से एक व्यक्ति की मौत हो गई। बाकी पयर्टकों की मदद के लिए हेलिकॉप्टर भेज दिया गया है।

केरल में छात्राओं को दिए जाएंगे मेन्स्ट्रूअल कप

कोल्लम, (एजेंसी)। केरल के पशुपालन एवं डेयरी विकास मंत्री एमएसजे चिनचुरानी ने शनिवार को कहा कि सरकार राज्य भर के सरकारी विद्यालयों में मासिक धर्म के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले मेन्स्ट्रूअल कप (एम-कप) वितरण की परियोजना लागू करेगी, जिसके लिए करीब 10 करोड़ रुपए की राशि निश्चित की गई है। केरल फीड्स लिमिटेड (केएफएल) ने केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड (एचएलएल) के सहयोग से 2021-2022 के लिए अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के रूप में यह योजना शुरू की है।

आज का इतिहास

- **1559:** इटली के जेनोआ क्षेत्र से यहूदियों को निकाला गया।
- **1745:** ऑस्ट्रिया और बवेरिया ने शांति संधि पर हस्ताक्षर किया।
- **1767:** यीशु की सोसायटी का स्पैनिश साम्राज्य और नेपल्स के साम्राज्य में दमन किया गया।
- **1792:** सिक्का कानून पारित किया, संयुक्त राज्य मिंट की स्थापना हुई।
- **1860:** ट्यूरिन में पहली इटली की संसद की बैठक शुरू हुई।
- **1902:** पहला इलेक्ट्रिक फिल्म थियेटर, अमेरिका के लॉस एंजिल्स में खोला गया।
- **1911:** ऑस्ट्रेलियाई सांख्यिकी ब्यूरो ने देश की पहली राष्ट्रीय जनगणना की।
- **1912:** टाइटैनिक जहाज का समुद्री परीक्षण की शुरुआत हुई।

भूटान के किंग वांगचुक तीन दिनी दौरे पर भारत आएंगे

नई दिल्ली ■ एजेंसी

भारत के आधिकारिक दौरे पर भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक अगले हफ्ते से रहेंगे। बता दें कि वो देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आमंत्रण पर आ रहे हैं। सोमवार 3 से 5 अप्रैल तक वे भारत में होंगे।

इस दौरान वे राष्ट्रपति मुर्मू के साथ वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करेंगे। उनके साथ वहां के विदेश और विदेश व्यापार मंत्री ल्योंपो डॉ. टांडी दोरजी और शाही सरकार के वरिष्ठ अधिकारी होंगे। भूटान के राजा की ये यात्रा दोनों देशों के बीच नियमित रूप से उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की लंबी परंपरा को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। ये जानकारी विदेश मंत्रालय की तरफ से दी गई है। बता दें कि भूटान के राजा कई बार भारत की यात्रा पर आ चुके हैं। भूटान नरेश जिग्मे सिंग्ये वांगचुक ने दिसंबर 2006 में राजगद्दी छोड़ी थी. इसके बाद उनके बेटे जिग्मे खेसर नामग्याल नए राजा बने थे। तब ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़े प्रिंस खेसर नामग्याल को देश का 5वां राजा घोषित किया गया था। इसके बाद ही वो एक राजा के तौर पर फरवरी 2007 में भारत आए थे। तब युवा राजा ने तत्कालीन गृह मंत्री शिवराज पाटिल से मुलाकात कर सुरक्षा संबंधी चिंता जताई थी। उन्होंने भूटान के दक्षिणी इलाके में सीमावर्ती क्षेत्रों में और अधिक सुरक्षा मुहैया कराने को कहा था. दरअसल भूटान का ये इलाका असम की दूसरी तरफ भूटान की सीमा में है।

साल 2017 में भी किया था दौरा

चीन के साथ भारत के 73 दिन तक चले डोकलाम विवाद के बाद भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक अक्टूबर 2017 में भी भारत के 4 दिन के दौरे पर आए थे।

धमाका मामले में सुप्रीम कोर्ट जाएगी राजस्थान सरकार

जयपुर, (एजेंसी)। राजस्थान सरकार वर्ष 2008 में जयपुर सीरियल ब्लास्ट मामले में बरी हुए आरोपियों के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर करेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर उच्चस्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 के जिला न्यायालय के फैसले को पलटते हुए राजस्थान उच्च न्यायालय ने सभी आरोपियों को बरी किया है। राज्य सरकार की मंशा है कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले, इसलिए उच्च न्यायालय के फैसले के विरूद्ध राज्य सरकार उच्चतम न्यायालय में शीघ्र ही विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दाखिल करेगी। उन्होंने इस प्रकरण में पैरवी के लिए नियुक्त अतिरिक्त महाधिवक्ता राजेन्द्र यादव की सेवाएं समाप्त करने का निर्णय लिया।

रमजान में म्यूजिक बजा रहीं महिलाएं तालिबान ने बंद किया रेडियो स्टेशन

काबुल, (एजेंसी)। महिलाओं के अधिकारों पर शिकंजा कसने वाले तालिबान ने एक और ऐसा ही कदम उठाया है। तालिबान के एक अधिकारी ने कहा कि रमजान के पवित्र महीने के दौरान म्यूजिक बजाने के लिए अफगानिस्तान में महिलाओं द्वारा संचालित एक रेडियो स्टेशन को बंद कर दिया गया है।

समाचार एजेंसी के अनुसार महिलाओं द्वारा संचालित स्टेशन का नाम सदाई बनोवन है जिसका अर्थ है महिलाओं की आवाज। रेडियो स्टेशन 10 साल पहले शुरू हुआ था और इसमें आठ लोगों का स्टाफ है, जिनमें से छह महिलाएं हैं। बदख्शान प्रांत में सूचना एवं संस्कृति के निदेशक मोइजुद्दीन अहमदी ने कहा कि रेडियो स्टेशन ने रमजान के दौरान गाने और संगीत बजाकर कई बार इस्लामी अमीरात के कानूनों और नियमों का उल्लंघन किया।

उन्होंने कहा कि अगर यह रेडियो स्टेशन अफगानिस्तान के इस्लामी अमीरात की नीति को स्वीकार करता है और गारंटी देता है कि वह ऐसी हरकत दोबारा नहीं दोहराएगा, तो हम इसे फिर से संचालित करने की अनुमति देंगे। इस बीच रेडियो स्टेशन की प्रमुख नाजिया सोरोश ने आरोपों का खंडन करते हुए कहा है कि बंद करने की कोई आवश्यकता नहीं थी। उन्होंने इसे षड्यंत्र कहा।

हिजाब नहीं पहना तो चलेगा औरतों पर बगैर किसी रहम के मुकदमा, बोले ईरान के चीफ जज

ईरान,(एजेंसी)। ईरान में बीते साल महसा अमीनी की मौत के बाद हिजाब विरोधी प्रदर्शनों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है तो वहीं इस देश की सरकार भी लोगों की आवाज को दबाने का कोई मौका नहीं छोड़ रही है। अब वहां के न्यायपालिका प्रमुख गोलेमहोसिन मोहसेनी एजे ने औरतों और लड़कियों के लिए एक नया फरमान सुनाया है। उन्होंने कहा कि खुले सिर रहना (हमारे) मूल्यों के साथ दुश्मनी के समान है। उन्होंने कहा कि हिजाब न पहनने वाली औरतों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने में कोई रियायत नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कहा है कि जितना अधिक महिलाएं ईरान में अनिवार्य ड्रेस कोड की को नहीं मानेंगी उन पर सख्त कानूनी की जाएगी। समाचार एजेंसी ने ईरानी मीडिया के हवाले से लिखा है कि न्यायपालिका प्रमुख गोलेमहोसिन मोहसेनी एजे ने धमकी दी है कि जो औरतें मुल्क में बगैर हिजाब के सार्वजनिक जगहों पर दिखाई देंगी उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ बगैर किस रहम के मुकदमा चलाया जाएगा। गोलेमहोसिन मोहसेनी एजे की चेतावनी ईरान के आंतरिक मंत्रालय के अनिवार्य सरकारी हिजाब कानून को लागू करने के बाद आई है। आंतरिक मंत्रालय के बयान में कहा हिजाब ईरानी राष्ट्र की सभ्यता की नींवों में से एक है।

210 दुकानों में आग 30 जलकर खाक

प्रयागराज के नेहरू कॉम्पलेक्स में हादसा

प्रयागराज , (ब्यूरो)। शनिवार सुबह प्रयागराज के सबसे व्यस्तम और भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में बड़ा मार्केट नेहरू कॉम्पलेक्स में भीषण आग लग गई। मिली जानकारी के अनुसार आग की लपटों की जद में 210 दुकानें आईं जिसमें लगभग 30 दुकानें पूरी तरह जल कर खाक हो गईं, जिससे लाखों की नुकसान की जानकारी है।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस तथा फायरब्रिग्रेड की 20 गाड़ियां मौके पर पहुंची। फायरब्रिग्रेड कर्मियों ने भारी मशक्कत कर 4.30 मिनट पर आग पर नियत्रंण कर लिया । कॉम्पलेक्स में ज्यादातर दुकानें रेडीमेड कपड़े तथा प्लास्टिक के समान की हैं। आग लगने का कारण शार्टसर्किट सामने आ रहा है। आस पास की सारी दुकानों को खाली कराकर बंद करा दिया गया था। इस पूरे क्षेत्र में लगभग दस हजारें दुकानें हैं। प्रयाग व्यापार मंडल के मीडिया प्रभारी मोहम्मद अकरम शगुन ने जिला प्रशासन व नगर निगम से मांग की है कि ट्रांसफार्मर बिजली के खंभों पर फ्लैग बोर्ड ना लगाया जाएं जिसके कारण इन बोर्डों पर अक्सर शॉर्ट सर्किट से आग लग जाती है जिसके कारण व्यापारियों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है।

शाम पांच बजे डीजी फायर अविनाश चंद्र भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि 30 से ज्यादा फायर टेंडर आग बुझाने में जुटी हुई हैं। आग पर काबू पाने के लिए दिन-रात रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा है। सपा के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने अग्निकांड की घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि आग वाली जगह पर 3000 करोड़ से ज्यादा का कारोबार होता था। सरकार को तुरंत कारोबारियों को बड़ी राहत दे। प्रशासनिक अधिकारियों को चाहिए कि व्यापारियों का उत्पीड़न न किया जाए। भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस सरकार को व्यापारियों की मदद करनी चाहिए।

पीओके विधानसभा में दोहराई गई गृहमंत्री शाह के जैसी बात

शारदा पीठ गलियारे के प्रस्ताव से पाक टेंशन में

नई दिल्ली ■ एजेंसी

गृहमंत्री अमित शाह की तरफ से पीओके पर विधानसभा में उठी कॉरिडोर की मांग सुझाए गए कॉरिडोर से मिलती जुलती है। एक सप्ताह पहले उन्होंने पीओके में स्थित शारदा पीठ तक कॉरिडोर बनाने की बात कही थी। आर्थिक हालात के बुरे दौर से गुजर रहा पाकिस्तान अपनी आवाम की माली हालत को सुधारने में नाकाम रहा है। अब धीरे-धीरे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) भी उसके लिए मुश्किलों का सबब बन गया है।

हाल ही में पीओके की विधानसभा में कुछ ऐसा हुआ जिसके बाद पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ के रातों की नींद उड़ जाएगी। पीओके के विधानसभा में कश्मीर से एक कॉरिडोर बनाने की मांग की गई है। जाहिर है कर्ज में डूबे पाकिस्तान के लिए इस तरह की मांग काफी तकलीफ देने वाली है। पीओके की विधानसभा में उठी कॉरिडोर की मांग गृहमंत्री अमित शाह की तरफ से सुझाए गए कॉरिडोर से मिलता जुलता है।

एक सप्ताह पहले उन्होंने पीओके में स्थित शारदा पीठ तक कॉरिडोर बनाने की बात कही थी। उन्होंने भरोसा जताया कि भारत सरकार इस दिशा में काम करेगी ताकि श्रद्धालुओं को शारदा पीठ के दर्शन का मौका मिल सके। पीओके विधानसभा ने एक गलियारा बनाने की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया जो पीओके के लोगों को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और केंद्र शासित प्रदेश कश्मीर तक यात्रा करने की राह आसान करेगा। प्रस्ताव एएमएल द्वारा पारित किया गया था, जो इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के करीबी संबंधों के लिए जाना जाता है। इस बारे में पीओके के विधानसभा के स्पीकर से बात की गई है और उनसे आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया गया है।

कर्ज में डूबे मुल्क के लिए यह मांग तकलीफदेह

पाक के पूर्व उच्चायुक्त रहे अब्दुल बासित भड़के

भारत में पाकिस्तान के पूर्व उच्चायुक्त रहे अब्दुल बासित आठ मिनट के वीडियो में इस कदम की निंदा करते हुए नजर आए। इस दौरान वह स्थानीय सांसदों पर पीओके में शारदा पीठ मंदिर के लिए एक तीर्थ गलियारा बनाने की भारत की इच्छा को अप्रत्यक्ष रूप से मंजूरी देने का आरोप लगा रहे थे। बासित केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का जिक्र कर रहे थे। अमित शाह ने 22 मार्च को कहा था कि सरकार करतारपुर कॉरिडोर की तर्ज पर शारदा पीठ खोलने के लिए आगे बढ़ेगी। अमित शाह सेव शारदा कमेटी कश्मीर (एसएससीके) के संयोजक रविंदर पंडिता द्वारा दिए गए एक सुझाव का जवाब दे रहे थे। पंडिता ने अनुरोध किया कि शारदा पीठ कॉरिडोर को ननकाना साहिब गुरुद्वारा और पाकिस्तान में करतारपुर कॉरिडोर की तरह ही चालू किया जाना चाहिए। अमित शाह ने कहा कि सरकार करतारपुर कॉरिडोर की तर्ज पर शारदा पीठ को श्रद्धालुओं के लिए खोलने की दिशा में आगे बढ़ेगी और शारदा पीठ भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत का ऐतिहासिक केंद्र रहा है। शारदा पीठ मंदिर पीओके में मुजफ्फराबाद की नीलम घाटी में स्थित एक प्राचीन हिंदू मंदिर है। मंदिर को 18 महाशक्ति पीठों में से एक माना जाता है और यह देवी शारदा को समर्पित है। शारदा पीठ मंदिर के लिए एक हिंदू तीर्थ गलियारे का प्रस्ताव करतारपुर गलियारे के समान है, जिसे 2019 में भारतीय सिख तीर्थयात्रियों को पाकिस्तान के करतारपुर में गुरुद्वारा दरबार साहिब जाने की अनुमति देने के लिए खोला गया था।

चीन ने छोड़े 10 फाइटर जेट और मिलिट्री ड्रोन

बीजिंग , (एजेंसी)। ताइवान और अमेरिका की नजदीकी से चीन में बौखलाहट है। ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन के न्यूयॉर्क पहुंचने से तिलमिलाकर चीन के लड़ाकू विमानों ने ताइवान स्ट्रेट मीडियन लाइन को पार किया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को इसकी पुष्टि की है। मंत्रालय ने कहा कि बीजिंग द्वीप के पास अपनी सैन्य गतिविधि जारी हैं। इसके अलावा पिछले 24 घंटे में ताइवान एयर स्पेस पर चीनी विमानों ने उड़ान भरी। दस चीनी विमानों ने ताइवान स्ट्रेट की मध्य रेखा को पार किया। माना जा रहा है कि अमेरिका और ताइवान की बढ़ती दोस्ती के बदले चीन भड़ास निकाल रहा है।

चीन का यह कदम अमेरिका और ताइवान को अपना कड़ा संदेश है। हाल ही में चीन ने अमेरिका को चेतावनी दी थी कि वो आग से न खेले। चीन की धमकी के बाद ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन न्यूयॉर्क पहुंचीं। ताइवान को अपना अभिन्न अंग बताने वाले चीन को यह बात नागवार गुजरी है। चीन ने ताइवान की राष्ट्रपति के अमेरिका दौरे की निंदा की है।

चिड़िया टकराने के बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

नई दिल्ली, एजेंसी। दुबई जाने वाले विमान के टेक-ऑफ के तुरंत बाद चिड़िया से टकराने के बाद दिल्ली हवाई अड्डे पर फुल इमरजेंसी घोषित की गई। अधिकारियों के मुताबिक यह कदम इसलिए उठाया ताकि विमान दिल्ली हवाई अड्डे पर उतर सके और तकनीकी विशेषज्ञ फिर से उड़ान की मंजूरी देने से पहले विमान में किसी तकनीकी खराबी जांच सकें।

दिल्ली एयरपोर्ट पर एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड सेवाओं को भी तैनात रखा गया। पक्षी से टकराने की घटनाएं असामान्य नहीं हैं, इसके अलावा वे बड़ी तकनीकी चुनौतियां पेश करती हैं। कई बार भयंकर विमान दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। एयरपोर्ट के आसपास घनी मानव आबादी ऐसी घटनाओं के बढ़ने का एक बड़ा कारण होती है।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर गिरफ्तारी की लटकी तलवार, जुटा लिये 40 लाख डॉलर

वाशिंगटन, (एजेंसी)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को अपने अभियोग के बाद केवल 24 घंटे की समय सीमा के भीतर सफलतापूर्वक 4 मिलियन (40 लाख) अमरीकी डालर जुटाए हैं।

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार अभियान के दौरान 2016 में एक पोर्न स्टार को चुप रहने के लिए धन देने के मामले में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ अभियोग चलाने की मंजूरी दे गई है। इसके बाद पूर्व राष्ट्रपति ने 24 घंटे में 40 लाख डॉलर से अधिक की राशि जुटाई। मीडिया में जारी एक विज्ञप्ति में शुक्रवार को बताया गया कि ट्रंप की चुनाव प्रचार मुहिम के लिए इसमें से 25 प्रतिशत से अधिक राशि उन लोगों ने उपलब्ध कराई है, जिन्होंने उन्हें पहली बार चंदा दिया है। इससे राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की उनकी दावेदारी को बल मिला है। ट्रंप अमेरिका में 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की होड़ में शामिल दावेदारों में सबसे आगे माने जा रहे हैं।

पढ़ा-लिखा आदमी नहीं बोलेगा कि नाली की गैस से बन सकती है चाय

मोदी की डिग्री पर केजरीवाल ने फिर उठाया सवाल

नई दिल्ली, (एजेंसी)। आप पार्टी से दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल इन दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री को लेकर उन पर सीधा हमला कर रहे हैं। शनिवार को उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एक बार फिर से प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री का पढ़ा लिखा होना जरूरी है। केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान विचलित करते हैं। पढ़ा-लिखा आदमी नाली से गैस निकालने की बात नहीं करेगा। बादल के पीछे राडार नहीं पकड़ पाएगा। ऐसा लगता है कि उन्हें विज्ञान के बारे में जानकारी नहीं है। गुजरात हाईकोर्ट के फैसले का जिक्र करते हुए वे बोले कि गुजरात हाईकोर्ट का कल ऑर्डर आया कि लोग पीएम के एजुकेशनल क्वालिफिकेशन की जानकारी नहीं ले सकते।

परमाणु हथियार जुटा रहा है यूक्रेन, किम जोंग उन की बहन का दावा

प्योंगयांग, (एजेंसी)। उत्तरी कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन की बहन ने यूक्रेन पर इल्जाम लगाते हुए कहा है कि यूक्रेन परमाणु हथियारों की तलाश में है। उत्तरी कोरिया की सरकारी मीडिया के हवाले से न्यूज एजेंसी ने बताया कि किम यो जांग ने यह दावा यूक्रेन की एक ऑनलाइन पेटिशन के आधार पर किया है। इस पेटिशन को अभी तक करीब 1000 लोग साइन कर चुके हैं।

किम यो जोंग ने कहा कि यह पेटिशन यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के ऑफिस द्वारा तैयार किया गया एक राजनीतिक प्लॉट हो सकता है। हालांकि उन्होंने इसके बारे में बहुत ज्यादा जानकारी नहीं दी। गौरतलब है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ऐलान किया है कि उनका देश बेलारूस में टैक्टिकल न्यूक्लियर वेपंस रखने की योजना बना रहा है। इसके बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति ऑफिस की वेबसाइट पर एक पब्लिक पेटिशन फाइल की गई है। इसमें कीव द्वारा यूक्रेनियन क्षेत्र में न्यूक्लियर वेपन रखने की बात कही गई है।

सत्ता सुख भोगना नहीं, सकारात्मक बदलाव का है इरादा: सीएम सुक्खू

प्रदेश सरकार के पहले 100 दिनों में कई ऐतिहासिक निर्णय हुए

शिमला, (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश में सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सरकार के सत्ता संभालने के साथ जनकल्याण एवं व्यवस्था परिवर्तन के नए युग का सूत्रपात हुआ। प्रदेश सरकार ने अपने कार्यकाल के 100 दिन पूरे कर लिए हैं। इस अवधि में प्रदेश सरकार को प्रदेशवासियों का अपार सहयो- व विश्वास मिला है।

एक साधारण से परिवार में जन्मे ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू अनेक मुश्किलों और चुनौतियों से गुजरे हैं। इसलिए वे जरूरतमंदों का दर्द भली-भांति समझते हैं। यही वजह है कि सरकार बनते ही सरकार ने समाज के अति संवेदनशील लोगों के सिर पर एक अभिभावक के तौर पर अपना प्यार भरा हाथ रखा। बकौल मुख्यमंत्री वे सरकार में सत्ता सुख भोगने नहीं बल्कि व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव लाने के ठोस इरादों के साथ आए हैं। राज्य सरकार भ्रष्टाचार मुक्त और जवाबदेह शासन प्रदान करने के संकल्प के साथ प्रदेश के विकास व जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

प्रदेश सरकार को अप्रत्याशित कर्ज के बोझ, कर्मचारियों व पेंशनभोगियों के संशोधित वेतनमान के लंबित एरियर व महंगाई भत्ते की 10 हजार करोड़ रुपए की देनदारी विरासत में मिली। आर्थिक संकट की स्थिति के बावजूद प्रदेश सरकार ने विकास की गति में कोई कमी नहीं आने दी है। इसकी झलक सरकार के शुरुआती 100 दिनों में लिए गए अनेक कड़े व ऐतिहासिक निर्णयों में साफ नजर आती है।

दिल्ली-देहरादून बस में आग, सवारियों ने कूदकर बचाई जान

मुजफ्फरनगर, (एजेंसी)। यूपी के मुजफ्फरनगर जनपद स्थित दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे 58 पर शनिवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब देहरादून से दिल्ली की ओर जा रही एक डबल डेकर बस में अचानक से भीषण आग लग गई।

घटना के बाद जहां किसी तरह बस में सवार सवारियों ने बस से कूद कर अपनी जान बचाई तो वहीं सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने घंटों की मशक्कत के बाद जब तक आग पर काबू पाया तब तक बस जलकर राख हो चुकी थी। दरअसल नई मंडी कोतवाली क्षेत्र स्थित दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे 58 पर शनिवार को देहरादून से चलकर दिल्ली जा रही एक डबल डेकर चलती बस में अचानक से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। बस में सवार तकरीबन 31 सवारियों ने किसी तरह बस से कूदकर अपनी जान बचाई।

50 हजार रुपए का कुख्यात इनामी राशिद मुठभेड़ में ढेर

क्रिकेटर सुरेश रैना के परिजनों का हत्यारा

मुजफ्फर नगर, (ब्यूरो)। शनिवार को उप्र के मुजफ्फर नगर में पुलिस तथा एसओजी टीम की क्रिकेटर सुरेश रैना के फूफा समेत तीन के हत्यारोपी को मुठभेड़ में यूपी पुलिस ने मार गिराया। मुठभेड़ में शाहपुर थानाप्रभारी बीएस वर्मा को भी गोली लगी है। 50 हजार के इनामी राशिद की पुलिस को लगभग तीन सालों से तालाश थी । शनिवार को सोरम गोयला मार्ग पर मुठभेड़ हुई।

एसएसपी संजीव सुमन के अनुसार सूचना मिली थी की शाहपुर क्षेत्र में कुछ बदमाश किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाले हैं। सूचना पर पुलिस तथा एसओजी टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। दो संदिग्धों को आता देखकर रुकने का संकेत दिया। इस पर उधर से पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। अचानक फायरिंग में शाहपुर थाना प्रभारी गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें राशिद घायल हो गया उसका एक साथी भाग निकला।

पुलिस घायल राशिद को अस्पताल लेकर आई जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया । राजस्थान के राशिद ने 19 अगस्त 2020 को पठानकोट में क्रिकेटर सुरेश रैना के फूफा की डकैती के दौरान हत्या की थी, दो साल से वांछित कुख्यात मुजफ्फरनगर पुलिस का भी ईनामी था।

पाक में अल्पसंख्यकों पर प्रहार, अब ईसाई युवक की हत्या

पेशावर, (एजेंसी)। पाकिस्तान में शनिवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर में एक ईसाई व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस का कहना है कि वारदात मृतक के घर के पास ही हुई थी। मृतक की पहचान काशिफ नाम के शख्स के तौर पर की गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक अल्पसंख्यकों पर हमले की 24 घंटे में यह दूसरी घटना है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक काशिफ को अज्ञात लोगों ने गोली मारी और उसकी हत्या कर दी, जिस वक्त ये हमला हुआ काशिफ अपने घर पर ही मौजूद था। गोली लगने के बाद काशिफ की मौके पर ही मौत हो गई। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। यह घटना आपसी दुश्मनी या इसके पीछे कुछ और कारण है, इसकी जांच पुलिस कर आरोपी की पहचान की भी कोशिश कर रही है।

महामूर्ख हंसो हंसाओ रेला में मानव समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों को नव संवत्सर-2080 अभिनंदन सम्मान भेंट कर किया गया प्रोत्साहित

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। महानगर के पहड़िया स्थित नक्खीघाट, तपोवन आश्रम के निकट महामूर्ख हंसो-हंसाओ रेला एवं नव संवत्सर -2080 अभिनंदन सम्मान प्रेरणा हिन्दी प्रचारिणी सभा, सर्वदलीय गौ रक्षा मंच, भारतीय मानवाधिकार सुरक्षा ब्यूरो, भारतीय विधिक वार सहायता एसोसिएशन एवं अस्मिता नाट्य संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में श्रीप्रकाश कुमार श्रीवास्तव गणेश, डॉ सुबाष चंद्र के स्वागत संरक्षण में हास्य धुरंधर डॉ. अजीत श्रीवास्तव चपाचप बनारसी के अध्यक्षता में कवि इंद्रजीत निर्भीक के प्रमुख संयोजन/संचालन में सर्वप्रथम केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा ऊपर से नीचे तक,दायें से बातें तक जो भी अशोभनीय कचड़े हैं,उसकी सफाई के सराहनीय पहल का समर्थन करते हुए झाड़ू लगाकर महामूर्खो ने शुभ उदघाटन किया जिनमें हरपाल दास नागवानी, अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी, हिमांशु सिंह,पवन कुमार सिंह एडवोकेट, भुलक्कड़ बनारसी एवं रोटी बैंक की अध्यक्ष

पूनम सिंह ने संयुक्त रूप से किया तत्पश्चात एक चतुर नारि करिके श्रृंगार हास्यास्पद गाने पर संदीप मौर्य कत्थक कलाकार के नृत्य के दौरान गदही दुल्हा कवयित्री पूनम श्रीवास्तव अनूठे अंदाज में मीरजापुर से पहुंची`दूसरी तरफ युवा कवयित्री प्रज्ञा श्रीवास्तव भी उल्लू दुल्हन के रूप में वाराणसी से बेहतरीन झूमर नृत्य करते हुए पहुंची।

समलैंगिक वैवाहिक संवाद गदही दुल्हा पूनम श्रीवास्तव ने - पूर्व जन्म में मैं मानव थी अब गदही कुल में आई हूं जबसे गदही कुल में आई हूं बहुत आत्म सुख पाई हूं लोग दूध मलाई खाकर खादी पहन के भी गांधी जी का अपमान करते हैं, हम सब तो घास भूसा खाकर ,लादी ढोकर भी अपने कुल का सम्मान करते हैं। इतना सुनते ही समलैंगिक बेमेल विवाह को करने पर उतारू गदही दूल्हा ने ताली बजाकर अपने समर्थकों सहित अगले वर्ष तक के लिए वैवाहिक प्रक्रिया स्थगित करने की महामूर्खता का एलान कर दिया गया उल्लू दुल्हन प्रज्ञा श्रीवास्तव ने कहा कि उल्लू नहीं करता,कभी उल्लूपने की बात, उल्लूपने की बात करता है आदमी की जात, इसलिए उल्लू दिन में नहीं देखता है सिर्फ रात सुनाकर वाहवाही लूटने का प्रयास किया`इतना सुनते ही समलैंगिक बेमेल विवाह को करने पर ताली,थाली बजाकर अपने समर्थकों सहित अगले वर्ष तक के लिए वैवाहिक प्रक्रिया स्थगित करने का ऐलान कर दिया हास्य कवि सम्मेलन का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना से संगीता श्रीवास्तव ने किया स्वागत गान इंद्रजीत निर्भीक ने - स्वागतम् - स्वागतम्, स्वागतम् हम सुनाये कि हम कितना खुश हैं,ये कैसे बताए, विशेष लोटपोट डा.अजीत श्रीवास्तव चपाचप बनारसी ने -लाल टमाटर देहरादून,काट राजा दूननू जून और दुहाई-है, दुहाई है, गंगा के नाम पर, अरबों की रकम आई है, गंगा के नाम पर, फिर भी कितनी बेहयाई है गंगा के नाम पर सुनाकर गुदगुदायाै सुख मंगल सिंह मंगल ने ना मांग किसी और से उषा की रश्मियां, खुद से ही अपने आप में, खुद प्रकाश कर, सिद्धनाथ शर्मा सिद्ध ने-नव नगद नगद ना तेरह उधार चाहिए, संतोष कुमार प्रीत ने- हसो-हसाओ आज है,नव संवत्सर 2080 का अभिनंदन का खेला, झरना मुखर्जी ने -टुकड़ों बिखरना नहीं, जुड़ना है ज़िन्दगी, पुरुषार्थ से तकदीर बदलना है ज़िन्दगी, डॉ.सुबाष चंद्र ने - फूलों सा खिलखिलाते रहना, गैरों को भी अपना बनाते रहना सुनाकर वाहवाही लूटा`विशेष रूप से कमलेश विष्णु जिज्ञासु, महेन्द्र अलंकार, गौरांग मिश्रा,चिंतित बनारसी,डॉ. पुष्पेंद्र अस्थाना पुष्प, शायर जमाल बनारसी, काकू सिंह, कृष्णानंद दुबे गोपाल, दिलीप चौहान बागी, यशवंत यादव, पूर्व पार्षद विकास चंद तिवारी,सुषमा जौनपुरी, भुलक्कड़ बनारसी ,सिद्ध नाथ शर्मा , फायर बनारसी , पूनम श्रीवास्तव , प्रज्ञा श्रीवास्तव , बुल-बुल लहरी, कृष्णानंद बैरागी, सुरेश अकेला सहित अनेकों रचनाकारों ने हास्य रस छेड़ा आयोजन के अंत में नव संवत्सर अभिनन्दन सम्मान मुख्य अतिथि प्रख्यात शिक्षाविद् राकेश चंद्र पाठक महाकाल ने नव संवत्सर अभिनन्दन सम्मान मंचीय एवं आनलाईन 108 लोगों को भेंट किया। स्वागत संबोधन भारतीय मानवाधिकार सुरक्षा ब्यूरो के राष्ट्रीय महासचिव भगवती प्रसाद गौड़, नाट्य रंगकर्मी विजय कुमार गुप्ता ने और वाराणसी जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार नागवानी एवं धन्यवाद आभार स्वागत संरक्षक श्रीप्रकाश कुमार श्रीवास्तव गणेश एवं डॉ.सुबाष चंद्र ने किया।

गायब फाइल खोजने टैक्स विभाग पहुंचे नगर आयुक्त

प्रखर गोरखपुर। नगर निगम कर्मचारियों द्वारा बार-बार लापरवाही को देखते हुए नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल टैक्स विभाग में पहुंचकर लापरवाह कर्मचारियों को लगाई फटकार लापरवाह कर्मचारी अपने आदतों में सुधार नहीं लाए तो उनके खिलाफ की जाएगी कड़ी कार्रवाई। नगर निगम में एक फाइल जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है जिस फाइल को न्यायालय द्वारा मांग की जा रही थी लेकिन नगर निगम टैक्स विभाग के लापरवाह कर्मचारियों द्वारा फाइल को न्यायालय में समय बद्ध तरीके से उपलब्ध नहीं कराया जा रहा था जिसकी सूचना न्यायालय द्वारा नगर आयुक्त को दिया गया नगर आयुक्त ने संबंधित पटल कर्मचारी को उपरोक्त फाइल को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था लेकिन नगर निगम टैक्स विभाग की महिला कर्मचारी नगर आयुक्त के पास पहुंचकर नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल को अवगत कराई की उपरोक्त फाइल टैक्स विभाग में उपलब्ध नहीं है नगर आयुक्त ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किए की तत्काल फाइल हमारे पास उपलब्ध कराई जाए उसके बावजूद नगर आयुक्त के पास उपयुक्त फाइल समय से नहीं पहुंच पाया 1:00 बजे के आसपास नगर आयुक्त स्वयं टैक्स विभाग पहुंचकर फाइल ढूंढने लगे बहुत खोजबीन करने के बाद भी उपरोक्त फाइल नहीं मिला जो न्यायालय में प्रेषित करना है। नगर आयुक्त अपने अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए 2 दिन का समय दिया कि उपरोक्त फाइल हमारे पास उपलब्ध होनी चाहिए अगर समय बद्ध तरीके से उपरोक्त फाइल जो न्यायालय में प्रेषित करनी है नहीं सुपुर्द की जाती है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी जिससे आगे चलकर कोई लापरवाह कर्मचारी अपने जिम्मेदारियों से नहीं बच सकता अगर अपने दायित्वों का सही तरीके से निर्वहन नहीं करना है तो उन कर्मचारियों की जगह नगर निगम नहीं उनका घर या जेल होगा।

भाकियू राष्ट्रीयतावादी का हुआ बैठक किसानों की समस्याओं को लेकर हुई चर्चा

प्रखर सहजनवा गोरखपुर। भाकियू राष्ट्रीयतावादी का एक बैठक सहजनवां स्थित बौराहवा बाबा स्थान पर किसानों की समस्याओं को लेकर हुई और किसानों के साथ हो रही समस्याओं को दूर करने की चर्चा किया गया। किसानों व छेत्रिय जनता फैक्ट्रियों से निकलने बाली धुंआ और राख, प्रदूषण से पूरी तरह से त्रस्त है तथा गीडा द्वारा किसानों की भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। लेकिन गीडा प्रशासन ने किसानों से जो वादा किया था। उसको पूरा नही कर रहा है। किसानों का सर्किल रेट बढाया जाय। गीडा में जो भी फैक्ट्रियां स्थापित है। उन फैक्ट्रियों में किसानों के आश्रित को रोजगार मुहैया कराया जाय। वादा के अनुसार किसानों के अधिग्रहित भूमि से 20 फीसद कटौती कर किसानों को मुहैया कराया जाय। किसानों के बिना अनुमति के भूमि का अधिग्रहण न किया जाय। आबादी से सटे भूमि में

उद्योग स्थापित न किया जाय।किसानों का बाढ़ से हुए नुकसान का मुआवजा दिलाया जा, बैठक की अध्यक्षता कर रहे मंडल प्रभारी हरिगोबिन्द चौबे ने कहा कि किसानों व मजदूरों को हो रहे समस्याओं को जल्द से जल्द निपटाया जाये।बैठक में कुछ नए पदाधिकारी का चैन भी किया गया। इन सभी पदाधिकारियों का प्रदेश महा सचिव संतराज यादव द्वारा मनोनीत किया गया।जिसमे बेचन शर्मा को मंडल उपाध्यक्ष,दयाराम पांडेय जिला उपाध्यक्ष गोरखपुर, महेश्वर सिंह जिला महासचिव सूरज यादव जिला सचिव, पुनीत सिंह तहसील अध्यक्ष खजनी सरफुद्दीन अंसारी जिला अध्यक्ष,कौशल्या देवी पिपरौली ब्लाक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस दौरान संरक्षक दुर्गा चरण सिंह,जिला महासचिव माहेश्वर सिंह,रामसिंगार यादव ,सुभावती, ज्ञानमती, मिश्रीलाल, रामदेव कमलावती, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता रहे मौजूद।

भगत चौराहे पर पूर्व प्रधान को गोली मारने वाला अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

प्रखर गोरखपुर। भगत चौराहे के पास पूर्व प्रधान और हिस्ट्रीशीटर शशि मौली शुक्ला को गोली मारने में शामिल एक बदमाश शनिवार की देर रात पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। बदमाशों के आने की सूचना पर पुलिस बैरिकेडिंग कर रहे थे इस दौरान बाइक सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में आकाश के दाहिने पैर में गोली लग गई जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। आकाश आजमगढ़ का निवासी है। उस पर एसएसपी ने 25 हजार का इनाम भी घोषित किया था। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि रामगढ़ताल क्षेत्र में अपराधियों की रोकथाम और सघन चेकिंग अभियान चलाया गया था। इसी बीच दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे, पुलिस बल द्वारा चेकिंग बैरियर पर दोनों को रोकने का प्रयास किया। इस पर वाहन सवार व्यक्तियों ने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया, जवाबी

कार्रवाई में पुलिस ने फायरिंग की तो एक अभियुक्त को दाहिने पैर में गोली लग गई। वह मौके पर ही गिर गया, जबकि दूसरा फरार हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

आईजीएल के बिजनेस हेड के मार्गदर्शन में उपआबकारी आयुक्त गोरखपुर को सेवानिवृत की शुभकामनाएं दिया

प्रखर गोरखपुर। गिडा स्थित इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल ने उप आबकारी आयुक्त डॉ सुरेश पटेल के सेवानिवृत होने के अवसर पर उन्हे हार्दिक शुभकामना दिया। प्लांट हेड शैलेंद्र पांडे ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर आगे के जीवन की सुखद कामना किया,वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने अंगवस्त्र भेंटकर शुभकामना दिया और कहा की आप हमेशा समाज की सेवा करते रहेंगे। कार्यक्रम में सयुक्त आबकारी आयुक्त गोरखपुर, सहायक आबकारी आयुक्त संजय सिंह, आबकारी निरीक्षक कुशीनगर सरिता सिंह, मुसरफ जी, जितेंद्र श्रीवास्तव के साथ भारी संख्या में आबकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

विंध्य महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम में अमित दुबे व खुशबू तिवारी ने अपने गायिकी से जीता श्रोताओं का दिल

प्रखर दानगंज वाराणसी। श्रद्धालुओं को धर्म के प्रति जागरूक करने का कार्य किया उनके अथक प्रयास से इतना भव्य कार्यक्रम मीरजापुर शहर के विंध्याचल सम्पन्न हो पाया, मीरजापुर की रोडवेज परिसर में इस बार पूरे देश के धरती पर हर विधा के कलाकार, कलाकारों को बुला कर आयोजक अवतरित होते रहे है। उसमे अमित दुबे व खुशबू तिवारी ने अपने गायिकी से सभी का दिल जीत लिया है।जिन्होंने पूरे मण्डल ने सराहनीय कार्य किया है देश, विदेश में अपने जनपद के नाम मीरजापुर की जिलाधिकारी दिब्या मित्तल ने रोशन किया है ऐसे ही एक लोकप्रिय दिव्या मित्तल ने सभी धार्मिक अनुष्ठानों में कलाकार अमित दुबे और उनकी स्वयं सहभागिता कर सभी प्रसिद्ध

लोकगीत गायिका खुशबू तिवारी ने संगीत के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया जिले के लगभग सभी कार्यक्रमो में ये दंपति उपस्थित होकर अपनी प्रतिभा बिखेरते रहते है वह पूरे नवरात्रि तक विन्ध्य महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रियता से लगे रहे, इसी क्रम में 29 मार्च को देश की प्रसिद्ध भजन गायिका अभिलिप्सा पांडा ने जोरदार प्रस्तुति कर लोगो से खूब तालियां बजवाई, सभी कलाकारों को जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल जिलाधिकारी दिव्या मित्तल अपर जिलाधिकारी शिवप्रताप शुक्ला के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में दर्शनार्थी, कलाप्रेमी उपस्थित होकर भजन का आनंद लिया।

सर्वजन सनातन पार्टी की हुई महत्वपूर्ण बैठक

आज देश में कोई भी ऐसी राजनैतिक पार्टी नहीं है जो ब्राह्मण समाज और दलित के हित के लिए बोलता हो : पंडित शीतला प्रसाद पाण्डेय

प्रखर पूर्वान्चल बक्सर। सर्वजन सनातन पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक राम लीला मंच, किला मैदान, बक्सर, बिहार में राष्ट्रीय संगठन प्रभारी पंडित रंगनाथ तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित शीतला प्रसाद पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे मुख्य अतिथि ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में कोई भी ऐसी राजनैतिक पार्टी नहीं है जो ब्राह्मण समाज और दलित के हित के लिए बोलता हो और कोई ऐसा नेता नहीं जो ब्राह्मण समाज और दलित हित के लिए सदन में बोल सके` देश की पहली राजनैतिक पार्टी सर्वजन सनातन पार्टी है जो ब्राह्मण समाज के हित के साथ साथ सभी वर्गों के हित के विषय में सोचता है और संकल्पित है पार्टी भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली से रजिस्टर्ड है और चुनाव चिन्ह सितार है पंडित रंगनाथ तिवारी ने कहा कि संगठन में लोगों को गांव गांव तक जोड़ने

का लक्ष्य रखा गया है। बिहार और झारखंड में सदस्यता अभियान प्रारम्भ कर दिया है श्री तिवारी ने पार्टी नेताओं को तेजी से सदस्यता अभियान चलाने का निर्देश दिया है पार्टी 2024 का लोकसभा चुनाव बिहार सहित अनेक राज्यों में मजबूती के साथ लड़ेगी प्रत्याशियों का चयन दो माह के अन्दर कर लेने का लक्ष्य रखा गया है राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित कृष्णा दूबे ने कहा कि पहले ब्राह्मण समाज के लोग कांग्रेस के साथ थे फिर पार्टी बदलते बदलते भाजपा में आ गए हैं लेकिन कहीं न कोई इज्जत है और न कोई सुरक्षा हम इस बैठक के माध्यम से अपने समाज का आह्वाहन करते हैं की आप अपने सम्मान के लिए सर्वजन सनातन पार्टी से जुड़े बैठक में पंडित राजनाथ ओझा, सुश्री तारा पाठक, पंडित पुरुषोत्तम जी पाठक, ऋषिकेश पाठक, टिंकू उपाध्याय , कमल नयन उपाध्याय , संकट हरण पाठक, विनोद कुमार ओझा, रक्षा पाठक , पंडित सौरभ चौबे, पंडित संजीव तिवारी सरोज कुमार दूबे, पंडित आयुष तिवारी, पंडित सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय, पंडित विनोद कुमार शुक्ला, पंडित पंकज पाण्डेय, पंडित राकेश पाठक, पंडित अखिलेश कुमार पाठक, अंकुर मिश्रा पंडित अशुतोष कुमार चतुवेर्दी, पंडित सरोज दूबे सहित आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

देवरिया के रहने वाले युवक को फ्लाइट में सिगरेट पीना युवक को पड़ा भारी, फायर अलार्म बजने से क्रू मेंबर्स ने युवक को पकड़ा केस दर्ज

प्रखर गोरखपुर। कैंट पुलिस ने एयरलाइंस की सुरक्षा अधिकारी की तहरीर पर केस दर्ज करते हुए यात्री को गिरफ्तार कर लिया है. एयरपोर्ट पर तैनात पुलिसकर्मी और एयरपोर्ट सुरक्षाकर्मियों को चेकिंग के निर्देश दिए गए हैं कि यात्री लाइटर लेकर कैसे फ्लाइट में बैठ गया, सिगरेट की तलब लगी और टॉयलेट में पीने लगा सिगरेट मुंबई से गोरखपुर आ रही थी फ्लाइट नंबर 6ए- 544 रोजाना 3:35 पर मुंबई से उड़ान भरकर सायं 6:00 बजे तक गोरखपुर पहुंचती है. मगर इस बार इस प्लेन में ऐसा कुछ हुआ जिससे इसमें सवार सभी यात्री एक पल के लिए दहशत में आ गए. बता दें कि मुंबई से गोरखपुर की फ्लाइट में एक यात्री को सिगरेट की ऐसी तलब लगी कि वह फ्लाइट के टॉयलेट में ही सिगरेट पीने लगा, जिससे चलते प्लेन का फायर अलार्म बज उठा. बता दें कि फायर अलार्म बजते ही क्रू मेंबर और सभी यात्री अलर्ट हो गए. चलती फ्लाइट में क्रू मेंबरों ने चेंक किया तो सामने आया कि एक यात्री प्लेन के टॉयलेट में सिगरेट पी रहा था. यात्री की इस हरकत से प्लेन में बैठे सभी यात्री कुछ समय के लिए परेशान हो गए. प्लेन कैप्टन और क्रू मेंबर्स ने फ्लाइट को गोरखपुर लैंड करवाया. अब हो गया केस दर्ज एयरपोर्ट सिक्योरिटी इंचार्ज विजय कौशल ने बताया कि आरोपी यात्री देवरिया का रहने वाला है. फ्लाइट के कैप्टन और क्रू मेंबर ने आरोपी यात्री को एयरपोर्ट सिक्योरिटी के हवाले कर दिया है. इसके बाद आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया. अब एयरलाइंस के सुरक्षा अधिकारी की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया गया है. फिलहाल पुलिस ने यात्री को कस्टडी में ले लिया है. पुलिस ने ये बताया इस मामले में पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि इस यात्री के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है. पूछताछ के दौरान यात्री ने अपना नाम कृष्ण कुमार मिश्रा बताया है, जो देवरिया के बरियारपुर करौदी बाजार का रहने वाला है।

संक्षिप्त खबरें

चोलापुर के सभी सरकारी विद्यालयों में किताबों का वितरण

प्रखर दानगंज। चोलापुर विकास खंड में संचालित परिषदीय और एडेड विधालय में पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राओं को निशुल्क किताब का वितरण पहले ही दिन स्कूल खुलते ही सम्पन्न हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से खंड शिक्षा अधिकारी ब्रिजेश राय और पूर्व प्रमुख चोलापुर त्रिभुवन नारायण सिंह ने किया।ब्रिजेश राय के अनुसार पहले ही दिन पहली बार किताब एक अप्रैल को वितरित हुई है।चोलापुर में लगभग दो सौ प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं एडेड विद्यालय है।अधिकांश विद्यालयों में पहले ही दिन किताबें बच्चों को मिल गयी है। किताब पाकर सभी विद्यालय के बच्चे खुश हुए।

पुलिस ने चलाया एंटी रोमियो अभियान

प्रखर खेतासराय (जौनपुर) । प्रदेश में योगी -02 की सरकार बनने के बाद प्रशासन अब नए तेवर में आ गया है। पुलिस प्रशासन पूरे तेवर के साथ अपराध को कंट्रोल करने में जुट गया है। रविवार को थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पुलिस ने एंटी रोमियो अभियान चलाते हुए मनचलों को कड़ी चेतावनी दी।।शुरूआती दौर में एंटी रोमियो अभियान चलाया गया था। लेकिन बाद में यह अभियान सुस्त पड़ गया था। सीएम के कड़े तेवर से प्रशासन हरकत में आ गया है । शासन से एंटी रोमियों अभियान चलाने का निर्देश मिलते ही रविवार को एसपी डॉ. अजय पाल शर्मा के निर्देश पर थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक विनोद तिवारी, हरिशंकर यादव, सुभाष यादव, महिला कॉन्स्टेबल प्रीति मिश्रा, सब्बया सिंह, नांकई देवी, राखी ने चौराहा पुलिस बूथ, गुलशन मार्किट, असलम कटरा, मछली मार्केट पूरे कस्बा में एंटी रोमियो अभियान चलाते हुए महिला और युवतियों को सुरक्षा का भरोसा देते हुए बेखौफ होकर आने जाने का विश्वास दिलाया। इसके अलावा शिक्षण संस्थानों तथा सार्वजनिक स्थानों पर अनावश्यक खड़े युवकों की जमकर क्लास लिया। इससे मनचलों में हड़कंप मचा रहा। सार्वजनिक स्थानों पर कइयों के लगी फटकार से युवाओं की टोली खिसकती देखी । इस दौरान कई बुजुर्ग महिलाओं को भी पुलिस टीम पानी का बोतल देते हुए नजर आए ।

करोड़ों रुपए की आय देने वाले टिकट चेकिंग स्टाफ को पीआरकेएस संघ द्वारा किया जाएगा सम्मानित : माधव प्रसाद शर्मा

प्रखर गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के मुख्यालय मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष विश्व प्रकाश मिश्र ने वित्त वर्ष 2022-23 में 130 करोड़ रुपए राजस्व वसूलने पर टिकट चेकिंग स्टाफ को बधाई दी। करोड़ों के राजस्व देने वाले जसप्रीत सिंह, रिजवान उल्लाह व अन्य कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।ए के सिंह ने कहा कि टिकट चेकिंग स्टाफ के कठिन परिश्रम, समर्पण व विभाग के प्रति प्रतिबद्धता से वसूल की गई है। संगठन मंत्री देवेंद्र यादव ने कहा कि रेलवे में टिकट चेकिंग स्टाफ अपने वेतन से अधिक रकम वसूल कर रेलवे के खजाने में जमा कर देती है।इसलिए हमें रेलवे का एसेट कहते हैं।संगठन के कोषाध्यक्ष मनोज कुमार द्विवेदी ने कहा कि रेलवे के खजाने में प्रति वर्ष करोड़ो रुपए वसूल कर जमा करने के बाद रनिंग रूम में जो सुविधाएं मिलनी चाहिए वो नहीं मिल रही है यह हमारे लिए बहुत चिंता की बात है।ए के सिंह ने कहा गोरखपुर, लखनऊ, छपरा, वाराणसी, काठगोदाम, मैलानी, प्रयागराज रामबाग सहित तमाम विश्रामगृहों में कुकिंग सुविधा बहुत निम्न स्तरीय है और जो फैसले एन एफ आई आर के पीएनएम में रनिंग रूमों को दुरुस्त करने के लिए लिए गए थे व अभी तक अमल में नहीं आ सके हैं । एसके सिंह ने बताया कि लखनऊ के रनिंग रूम में कुकिंग सुविधा और हाऊस किपिंग का काम बहुत ही निम्न स्तरीय है। टिकट चेकिंग स्टाफ के विश्रामगृहों की देखभाल के लिए, रेलवे बोर्ड और स्टाफ साइड के प्रतिनिधियों के साथ जो समझौतों हुए हैं उसको तक तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए ।देवेन्द्र यादव ने कहा कि स्टाफ की कमी के कारण टिकट चेकिंग स्टाफ पर काम करने दबाव की गुना बढ़ गया है, जिसके चलते वो प्रायः अवसाद में रहने लगे हैं। सीटीआई जगप्रित सिंह व रिजवान उल्लाह सहित एक करोड़ से ऊपर आय अर्जित करने वाले सभी टिकट चेकिंग स्टाफ को संघ के अध्यक्ष माधव प्रसाद शर्मा द्वारा एक समारोह आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं